अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 29 | लखनऊ, शनिवार, 09 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## सूचना

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर **राष्ट्रीय प्रस्तावना कार्यालय** में 09 अगस्त 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 11 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

संपादक

## संक्षिप्त

### मानहानि मामले में राहुल गांधी की टली सुनवाई, अगली तारीख 22 अगस्त

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गयी है। कोर्ट ने अगली तिथि 22 अगस्त तय की है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि साक्षी के नहीं आने से सुनवाई नहीं हो सकी। हालांकि वादी मुकदमा भाजपा नेता के अधिवक्ता संतोष पांडेय का कहना है कि गवाह मौजूद था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हुई। विशेष अदालत ने अब 22 अगस्त को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

### चुनाव आयोग ने तेजस्वी को दो ईपिक कार्ड मामले में तीसरी बार भेजा नोटिस

पटना। चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को दो ईपिक कार्ड रखे जाने के मामले को लेकर आज तीसरी बार नोटिस जारी करते हुये उन्हें अतिरिक्त ईपिक कार्ड और उससे जुड़े सभी दस्तावेजों को 16 अगस्त तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आयोग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दीघा विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से श्री यादव को भेजे गये तीसरी नोटिस में याद दिलाया गया है कि उन्होंने तीन और छह अगस्त को भेजे गये पहले दो नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया और न ही जांच के लिये मांगे गये ईपिक कार्ड को उपलब्ध कराया है।

### मेरठ में तीन बच्चों के डूबने के मामले में उप्र सरकार को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में इस माह के शुरू में गहरे गड्ढे में तीन बच्चों के डूबने के मामले में राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में रिपोर्ट तलब किया है। आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने इस मामले में मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया है।

# हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और मरेंगे देश के लिए : योगी

● काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रभक्ति का आह्वान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर वर्तमान पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। योगी ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जिएंगे स्वदेशी के लिए और हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का एक पौधा भी लगाया और छोटी बालिकाओं के हाथों से राखी भी बंधवा कर बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दिए। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें काकोरी ट्रेन एक्शन घटना को प्रस्तुत किया गया।

काकोरी के क्रांतिकारियों ने जगाई राष्ट्रभक्ति की ज्वालायहां अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को काकोरी में महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था। उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ। उन्होंने याद दिलाया कि उस ट्रेन एक्शन में सिर्फ 4600 लूटे गए थे, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें पकड़ने में 10 लाख से ज्यादा खर्च किए। उन क्रांतिकारियों (पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और अन्य को बिना सुनवाई के फांसी दी गई। योगी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ब्रिटिश हुकूमत के हाथ नहीं लगे, बल्कि वो स्वयं मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। आज यह शताब्दी महोत्सव उन महान क्रांतिकारियों के स्मरण का महान दिवस है। हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा है। आज से 100 वर्ष पहले इस महान आजादी को लेकर जिन क्रांतिकारियों ने खुद को बलिदान दिया था, उनका पुनः स्मरण करके उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए हर देशवासी को प्राण प्रण से जुटना चाहिए।

हर घर तिरंगा, हर मन में राष्ट्रभक्ति का हो संकल्प योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन के मन में पुनः प्रतिष्ठित करना आज का हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए। हर गांव और नगर निकाय, वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले, यही हमारी आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि हर घर के ऊपर ये तिरंगा झंडा हो और हम सब तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता के संदेश को विभाजनकारी मंसूबों को तोड़ते हुए आगे बढ़ाएं। अगर हम इस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो आजादी का यह महोत्सव एक बार फिर से हर भारतवासी को अपने आप से जोड़ने में सफल सिद्ध होगा। देश के स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने यही संकल्प दिया है। हर भारतवासी ने भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सदैव सम्मान दिया है। हाल ही में दुश्मन देश के द्वारा भारत पर थोपी गई युद्ध का जवाब भारत के बहादुर जवानों में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जिस तत्परता के साथ दिया, पूरी दुनिया ने भारत के शौर्य और सामर्थ्य का लोहा माना है। विदेशी वस्तुएं नहीं, अब स्वदेशी बने जीवन का मंत्रमुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें।

### चुनाव आयोग ने फिर खारिज किए राहुल के दावे, बताया सिर्फ सनसनी फैलाने की कोशिश

नई दिल्ली। चुनाव आयोग का कहना है कि राहुल गांधी के हाल के आरोप पहले ही नकारे और कानूनी रूप से खारिज किए जा चुके हैं। वे 2018 में उठाए गए मुद्दों को दोबारा उठाकर सनसनी फैलाना चाहते हैं। आयोग का कहना है कि कानून में आपत्तियाँ दर्ज करने और अपील करने की स्पष्ट प्रक्रिया है। इसके स्थान पर राहुल गांधी ने मीडिया के माध्यम से निराधार दावे करके मुद्दे को सनसनीखेज बनाने की कोशिश करते हैं। जब कानून किसी कार्य को एक विशेष प्रक्रिया से करने की अपेक्षा करता है, तो उसी प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। यदि राहुल गांधी को अपनी बातों पर विश्वास है, तो उन्हें कानून का सम्मान करते हुए घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने चाहिए या फिर देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। चुनाव आयोग के अनुसार 2018 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कमल नाथ ने सुप्रीम कोर्ट में निर्वाचन सूची में गड़बड़ियों को लेकर याचिका दायर की थी।

# बाराबंकी में चलती रोडवेज बस पर गिरा पेड़, पांच की मौत

● मुख्यमंत्री ने पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में जैदपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चलती राडेवज बस पर एक पेड़ गिरने से चार महिला टीचर सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करते हुए घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:30 बजे परिवहन निगम की अनुबंधित बस सवारियों को लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख के पास राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के चलते चलती बस पर गिर पड़ा। इस हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि इस दुर्घटना में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जिनकी पहचान बाराबंकी निवासी शिक्षा मल्होत्रा (45), मीना श्रीवास्तव (46) एडीओ, जूही सक्सेना (45) एडीओ, रकीबुल निशा (55) और बस चालक संतोष सोनी (38) के रूप में हुई।

# पीएमयूवाई लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी देने को मंजूरी

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई ) के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर सब्सिडी देने को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत प्रति व्यक्ति खपत (पीसीसी) 2019-20 में केवल लगभग 3 रिफिल थी, जो 2022-23 में 3.68 रिफिल और 2024-25 में बढ़कर लगभग 4.47 रिफिल हो गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई ) मई 2016 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य देशभर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। एक जुलाई, 2025 तक देश में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं।

सभी पीएमयूवाई लाभार्थियों को सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज़, डोमेस्टिक गैस कंज़्यूमर कार्ड (डीजीसीसी) पुस्तिका और इंस्टॉलेशन शुल्क सहित निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन मिलता है। उज्ज्वला 2.0 की मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी निःशुल्क दिया जाता है। लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन, पहला रिफिल या चूल्हे के लिए कोई भुगतान नहीं करना पड़ता, क्योंकि इनकी लागत भारत सरकार/तेल विपणन कंपनियां वहन करती हैं। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में तेज़ उतार-चढ़ाव के प्रभाव से पीएमयूवाई लाभार्थियों को बचाने और उन्हें सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने, साथ ही इसके निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई, 2022 में 200 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (अधिकतम 12 रिफिल प्रति वर्ष, और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए अनुपातिक) की लक्षित सब्सिडी शुरू की थी।

### केन्द्र की मेरिट योजना को बजटीय सहायता को मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 4,200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बहुविषयक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान सुधार (मेरिट) योजना के लिए बजटीय सहायता को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप राज्यों में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और प्रशासन में सुधार लाना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की एयर इंडिया सुरक्षा ऑडिट की मांग वाली याचिका

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना का हवाला देते हुए एयर इंडिया की सुरक्षा से संबंधित तमाम प्रक्रियाओं की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने नरेंद्र कुमार गोस्वामी और अन्य की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उन्हें संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने की नसीहत दी।

याचिका में शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक समिति से जांच कराने की गुहार लगाई थी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सवाल किया कि उसने दूसरी एयरलाइनों के खिलाफ जांच की मांग क्यों नहीं?

इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि संबंधित एयरलाइंस के साथ उसका व्यक्तिगत अनुभव खराब रहा है। वह खुद एयर इंडिया की एक उड़ान में आग लगने की घटना में बच गया था। पीठ ने उनके इस जबाव पर कहा कि व्यक्तिगत राहत के लिए उपभोक्ता मंचों पर वैकल्पिक उपाय उपलब्ध है।

### मृतक आश्रित न होने पर भी कानूनी वारिस वाहन दुर्घटना के मुआवजे का हकदार : उच्च न्यायालय

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि मृतक आश्रित न होने पर भी मृतक का कानूनी वारिस वाहन दुर्घटना के मुआवजे का हकदार है। वाहन दुर्घटना में मृतक के कानूनी वारिस को मोटर वाहन कानून के तहत मिलने वाले मुआवजे से महज इस आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता कि वह मृतक पर आश्रित नहीं था।

# प्रधानमंत्री मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने टेलीफोन पर बात की

● मोदी और पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहरायी

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की। इसके पहले गुरूवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मास्को में श्री पुतिन से मुलाकात की थी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया।

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तथा रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा के मद्देनजर श्री मोदी और श्री पुतिन की बातचीत को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामे के चलते कामकाज बाधित

एजेंसी



नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के चलते कामकाज बाधित रहा। आज दोनों सदनों में भारत छोड़ो आंदोलन की जयंती पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। लोकसभा में सदन के पूर्व सदस्य सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

लोकसभा में कार्यवाही पहले सुबह 12 बजे और बाद में 3 बजे तक के लिए स्थगित की गई। 3 बजे कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विधेयक 2025 को सदन की अनुमति से वापस ले लिया। इस दौरान एक बार फिर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने विपक्षी सांसदों से कामकाज को सुचारू रूप से चलने देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार का दिन प्राइवेट मेंबर का होता है और विपक्ष उन्हें भी समय नहीं देना चाहता। इसके बाद कृष्णा प्रसाद तिन्नटी ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कांग्रेस के 'वोट चोरी' आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते एक बार स्थगन के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### ईडी की याचिका पर कार्ति चिदंबरम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया। ईडी ने कार्ति चिदंबरम के खिलाफ विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर सुनवाई स्थगित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में कार्यवाही स्थगित करने के विशेष अदालत के इनकार के खिलाफ कार्ति चिदंबरम की याचिका पर यह आदेश पारित किया था। यह मामला कथित चीनी वीजा अनियमितता और एयरसेल-मैक्सिस मामले से जुड़ा हुआ है।

# घुसपैठियों को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा : अमित शाह

● बिहार के पुनौराधाम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माँ सीता के भव्य मंदिर की रखी आधारशिला

एजेंसी



पटना/सीतामढ़ी। बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माँ सीता के बनने वाले मंदिर की आधारशिला रखी। इस मौके पर गृहमंत्री ने एक सभा को भी संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए संकल्पित हैं। हर हाल में बांग्लादेश या अन्य देशों से आए घुसपैठिओं को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। जो भारत में जन्मा नहीं, उसको मतदान का अधिकार संविधान नहीं देता है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को मतदान का अधिकार नहीं है। इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। आने वाले दिनों में पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने वाली है। चुनाव आयोग को एसआईआर करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, यह तय करने का अधिकार उन्ही का है न कि किसी राजनीतिक दल का। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट जारी किया है, उस पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस ने एक भी आपत्ति नहीं किया। तो ये क्या ये लोग उन्हें बचाना चाहते हैं, जो बांग्लादेश से आकर बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं। पहले जब कांग्रेस का राज था, तब देशभर में बम धमाके होते थे। बम विस्फोट करके आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे और सरकार कुछ नहीं कर पाती थी। जब से मोदी जी की सरकार बनी है, तब से सभी हमलों के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक किया जा रहा है। पुलवामा में आतंकियों ने हमला किया, तो एयर स्ट्राइक किया और जब पहलगाम में हमला किया, तो पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया गया।

गृहमंत्री अमित शाह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर जमकर खिंचाई की। अमित शाह ने कहा कि लालू एंड कंपनी को अगर घुसपैठिये का मत चाहिए, तो बिहार की जनता इसे कतई स्वीकार नहीं करेगी। अमित शाह ने कहा, '' मैं तो बनिए का बेटा हूं, हर चीज का हिसाब लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने बिहार में बीते 6 दौर में 83 हजार करोड़ की सौगात राज्य को दी है।''

इससे पहले गृहमंत्री द्वारा माँ सीता के भव्य मंदिर की आधारशिला रखी गयी और मंदिर का भूमि पूजन हुआ। दोनों आयोजन पुनौराधाम के महंत कौशल किशोर दास जी की अगुवाई में हुआ। वैदिक मंत्रोंचार के साथ संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न हुई।इस पावन अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, बिहार के जल संशाधन मंत्री विजय चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा सहित बड़ी संख्या में देशभर के संत समाज के लोग इसके साक्षी बने।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने राखी का त्यौहार मनाने के लिए लखनऊ में बनाई 42 फीट लंबी फूलों की राखी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राखी के त्यौहार को खास अंदाज़ में मनाते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) लखनऊ के फन रिपब्लिक मॉल में ' थ्रेड ऑफ ट्रस्ट, बॉन्ड फॉर लाइफ' नाम से एक खास पहल कर रहा है। 8 अगस्त से शुरू हुई इस दो दिवसीय त्यौहारी पहल में देश का सबसे बड़ा इनडोर फ्लोरल राखी इंस्टॉलेशन और परिवारों को जोड़ने वाली कई रोचक गतिविधियाँ आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। 42 फीट लंबा खूबसूरत राखी इंस्टॉलेशन लोगों को खूब लुभा रहा है, जो फूलों की डिज़ाइन से सजा है और 12ु12 फीट (144 वर्ग फीट) में फैला हुआ है। करीब 150 किलो प्राकृतिक फूलों से तरह तैयार की गई यह राखी



प्रकृति, परंपरा और कला का अनोखा संगम पेश करती है, जो रक्षा बंधन के गहरे रिश्तों की भावनाओं को बखूबी उजागर करती है। आप यहाँ ' राखी' बनाने और 'भाई-बहन की जोड़ी ' जैसे कॉन्टेस्ट्स, 'मैसेज फॉर सिबलिंग ' वॉल और भाइयों की ओर से 'मेक-अ-विश ' जैसी गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। हर गतिविधि का उद्देश्य आपसी रिश्तों को मजबूत करना और रक्षा बंधन की भावना को सरल व सार्थक तरीके से जीना है, साथ ही उज्जीवन के लिए भरोसे की वह नींव बनाना है, जो वित्तीय सेवाओं से कहीं आगे जाती है। यह पहल सांस्कृतिक प्रतीकों और लोगों की भागीदारी को जोड़कर एक व्यस्त रिटेल क्षेत्र में यादगार अनुभव बनाती है। इसका उद्देश्य समुदाय के रिश्तों को मजबूत करना, स्थानीय जागरूकता बढ़ाना और उज्जीवन एसएफबी की उन पलों में हिस्सेदारी दिखाना है जो महत्वपूर्ण हैं।

# सपा की 'पीडीए पाठशाला' का जवाब 'तिरंगा यात्रा' से देगी भाजपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव की 'पीडीए पाठशाला' के दांव को काउंटर करने की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा के सूत्रों की माने तो इसको लेकर सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को एक पत्र भेजा गया है।

इस पत्र के माध्यम से पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत 10 से 15 अगस्त तक पार्टी द्वारा निकाली जाने वाली आगामी 'तिरंगा यात्रा' के दौरान बच्चों से तिरंगा फहरावायें। पार्टी ने अपने पदाधिकारियों को 1.6 लाख मतदान केंद्रों में से प्रत्येक पर कम से कम 500 तिरंगे फहराने का काम सौंपा है। यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और भाजपा की महिला मोर्चा की मदद से चलाया जाएगा। भाजपा के एक पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिन इलाकों में सपा ने बच्चों के कोमल मन को प्रभावित करने के लिए 'पीडीए पाठशालायें' स्थापित करने का प्रयास किया है, वहां अभियान और भी ज़ोरदार तरीके से चलाया जायेगा। उन्होंने कहा, 'हम विपक्ष के जातिवादी रवैये का मुकाबला राष्ट्रवादी विचारधारा से करेंगे।' उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि युवा मोर्चा राज्य भर के स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों तक पहुँचेगा। क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को भेजे गए पत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का भी खुला ज़िक्र किया गया है जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के बाद मई में चलाया गया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले मे 26 लोग मारे गए थे। पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह एक नया, समृद्ध और शक्तिशाली आत्मनिर्भर भारत है। हर गौरवान्वित भारतीय ने हाथ में तिरंगा लेकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा ही राष्ट्र प्रथम होता है। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता इसका एक उदाहरण है। जिस तरह से पीएम मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को आतंकवाद का करारा जवाब दिया गया उसी तरह से हर देशद्रोही को जवाब दिया जाएगा चाहे वो देश के अंदर हो या देश के बाहर हो। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दरअसल भाजपा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए बच्चों का चयन सपा की पीडीए पाठशाला का एक प्रतीकात्मक जवाब है। भाजपा का इरादा पार्टी को जातिगत पहचान से ज़्यादा ''राष्ट्रीय गौरव'' को बढ़ावा देने वाली पार्टी के रूप में चित्रित करने का है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमकेआईटीएम में पर्यटन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में विभिन्न कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहयोग से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में कई शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रवेश प्रदान कर रहा है। इच्छुक छात्र प्रवेश ले सकते हैं। होटल प्रबंधन के तीन सर्टिफिकेट कोर्स एवं एक डिप्लोमा कोर्स ( जुलाई सत्र) की प्रवेश प्रक्रिया मध्य जून से प्रारम्भ हो चुका है। सर्टिफिकेट कोर्सेस में सर्टिफिकेट इन फ्रंट ऑफिस ऑपरेशनस, सर्टिफिकेट इन हाउस कीपिंग ऑपरेशनस एवं सर्टिफिकेट इन फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशनस तथा डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशंस सम्मलित किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का शुल्क न्यूनतम रखा गया है, जिसमें पंजीकरण शुल्क 400 रुपए प्रति पाठ्यक्रम है। छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स की फीस जहां 3000 रुपए प्रति अभ्यर्थी है, वहीं एक वर्ष का कोर्स करने के लिए मात्र 9000 रुपए अभ्यर्थियों से लिया जाएगा व इग्नू द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स के लिए 18 क्रेडिट तथा पीजी डिप्लोमा के लिए 48 क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता 12वीं पास (इंटरमीडिएट) रखी गई है। शिक्षण का माध्यम हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बिना विलम्ब शुल्क के 15 अगस्त तक दाखिला लिया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य जानकारी के लिए एमकेआईटीएम (http://www.mkitm.com) या इग्नू (http://www.ignou.ac.in) की आधिकारिक वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवेश पोर्टल (दूरस्थ शिक्षा): (https://ignouadmission.samarth.edu.in) पर भी इच्छुक अभ्यर्थी कोर्स से सम्बंधित जानकारी ले सकते हैं।

### पुलिस कमिश्नर आवास के पास युवक की पिटाई हुक्का बार के बाहर निकलते ही हमला

**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुक्का बार से बाहर निकलते ही एक युवक पर आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। पुलिस कमिश्नर आवास के पास हुई इस वारदात में हमलावरों ने युवक को ईंट, लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल युवक को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मारपीट की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसमें दिख रहा कि देर रात युवक हुक्का बार से बाहर निकला। पहले से घात लगाए बैठे करीब आधा दर्जन हमलावरों ने उस पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने उसे लात-घूंसों से पिटा। उसके बाद ईंट उठाकर कई वार किए। यह पूरी घटना हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित पुलिस कमिश्नर आवास के पास की बताई जा रही है। वहां लगे सीसीटीवी और मौके पर मौजूद लोगों के मोबाइल कैमरों में पिटाई का वीडियो कैद हुआ है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हमलावरों की पिटाई से युवक गंभीररूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव कराया। उसके बाद उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। हजरतगंज पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ पुलिस ने 86 लोगों के मोबाइल बरामद किए

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट की दक्षिणी जोन पुलिस ने 86 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए। शुक्रवार को मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लोगों ने कहा कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस ने मोबाइल बरामद करके रक्षाबंधन का गिफ्ट दिया है। डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि दक्षिणी जोन के थाना क्षेत्रों में जिन लोगों के मोबाइल गुम या चोरी हो रहे थे, उनकी जांच सर्विलांस सेल कर रही थी।

# भागवत कथा श्रवण से जीवन बदल जाता है: कथा व्यास बाल भरत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या के कथा व्यास बाल भरत जी महाराज ने भाई भाई के प्रेम की कथा सुनाई। गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि भाई कैसा भी हो लेकिन यदि वह संकट में हो तो उसकी सहायता करना दूसरे भाई का परम कर्तव्य है वही कार्य गोकर्ण जी महाराज ने किया अर्थात धुंधकारी के घोर पापी होने के पश्चात गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी के लिए गया श्राद्ध के साथ साथ उसके नाम से श्री मद्भागवत कथा का आयोजन भी किया अतः आज कल छोटी छोटी बातों को लेकर एक एक इंच जमीन को लेकर जो सगे भाई आपस में अदालत में केस लड़ते हैं उनके लिए बहुत बड़ा सन्देश है जबकि धुंधकारी तो गोकर्ण का सगा भाई भी नही था। इसी क्रम में धुंधकारी की मुक्ति की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के पश्चात धुंधकारी को श्री ठाकुर जी ने सारूप्य मुक्ति प्रदान की जो एक पापी प्रेत था लेकिन श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से भगवान के स्वरूप में आ गया जैसा कि श्रीमद्भागवत माहात्म्य में वर्णित है। बाल भरत जी महाराज ने कहा कि कोई कितना भी बड़ा अपराधी हो दुष्ट हो लेकिन धुंधकारी के जैसे सत्संग में माध्यम से वह अपने आप को बदल सकता है। इसी क्रम में श्रीमद्भागवत कथा सुनने का विधान सुनाया जिसमें वक्ता और श्रोता दोनों के लिए उचित नियम पालन का विधान बताया। कथा के मुख्य यजमान प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि कथा 13 अगस्त तक होगी। श्री श्याम जी अग्रवाल ने बताया कि कथा पांडाल काफी बड़ा होते हुए भी प्रथम दिन में ही लगभग भरा हुआ था।

# रक्षा बंधन पर गोपाल राय को 51 बहनों ने बांधी राखी

- मेरे खून का एक एक कतरा हिंदू बहन-बेटियों के सुरक्षा के लिए समर्पित : गोपाल राय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। रक्षा बंधन के पावन अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय को 51 हिंदू बहनों ने राखी बांधकर सम्मानित किया। बहनों ने कहा कि यह राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि एक संकल्प है उन हाथों की रक्षा का, जिन्होंने नारी सम्मान की पुनर्स्थापना के लिए अथक संघर्ष किया है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गोपाल राय के उन कार्यों की सराहना की। उन्होंने लव जिहाद से पीड़ित सैकड़ों हिंदू बहनों की घर वापसी करवाई और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर दिया। छांगुर जैसे जिहादी तत्वों के चंगुल से सैकड़ों हिंदू परिवारों को मुक्त कराकर उन्होंने उन्हें भयमुक्त जीवन की ओर अग्रसर किया। देशद्रोही छांगुर को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही। धमकियों और दबावों के बावजूद उन्होंने कभी झुकने का नाम नहीं लिया और पूरी मजबूती के साथ सनातन धर्म की रक्षा में डटे रहे। गोपाल राय ने 'सनातन हेल्पलाइन सेवा' की शुरुआत कर संकट में फंसे सनातनियों को तत्काल सहायता उपलब्ध करवाई। उन्होंने धर्मांतरण के विरुद्ध खुला मोर्चा लेते हुए हजारों लोगों को पुनः सनातन धर्म की ओर लौटाया। युवाओं को जागरूक कर उन्हें संगठित किया और उनके भीतर अपने धर्म, संस्कृति और अस्तित्व के प्रति चेतना जागृत की। लखनऊ से मुर्शिदाबाद तक निकाली गई 'सनातन आक्रोश यात्रा' के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि अब अन्याय के विरुद्ध हर सनातनी एकजुट होकर खड़ा होगा।

## बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिये हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक व बीएसए को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जिलों में चल रहे बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों की जांच कर व कार्यवाही करके 15 अगस्त तक सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा तो इसके लिए बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को जारी निर्देश के बाद भी अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, रायबरेली, अयोध्या, सीतापुर, चित्रकूट, फिरोजाबाद, सिद्धार्थनगर, कौशांबी, फर्रुखाबाद, मिर्ज़ापुर, पीलीभीत, उन्नाव, बिजनौर, संतकबीरनगर, झांसी, लखीमपुर खीरी, औरैया, मैनपुरी व फतेहपुर को छोड़कर अन्य जिलों ने रिपोर्ट नहीं भेजी है।

# देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को लेकर अभियान छेड़ेगी विहिप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का अलख जगाने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) 16 अगस्त से शुरू हो रहे अपने 61वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। इन कार्यक्रमों के जरिये पूरे देश में धर्मांतरण, लव जिहाद, थूक जिहाद को लेकर लोगों को जागरुक करने का काम किया जायेगा, साथ ही जाति और भाषाई सीमाओं से ऊपर उठकर क्षेत्रीय संस्कृतियों के साथ तालमेल भी बिठायेगा जायेगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यूनिवार्ता से बातचीत में बताया कि, ल्ल आयोजन का उद्देश्य देश भर के हिंदू समुदाय को सांस्कृतिक मानदंडों पर एकजुट करना है और साथ ही अपने मूल हिंदुत्व सिद्धांत को लेकर जागरूक भी करना है। संगठन ने देश भर में कम से कम एक लाख स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। इसमें धार्मिक प्रवचन, सत्संग, प्रभात फ़ेरी और शोभा यात्राएँ शामिल होंगी। इन कार्यक्रमों का संचालन स्थानीय स्तर पर गठित लगभग 90,000 समितियों द्वारा किया जाएगा। बंसल ने कहा, इस तरह हम न केवल बड़े शहरों में बल्कि गाँवों में भी गहराई तक पहुँचेंगे। अकेले उत्तर प्रदेश में, विहिप कम से कम 8,000 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है, जिनमें अयोध्या, काशी (वाराणसी) और मथुरा जैसे हिंदुत्व के केंद्र शामिल हैं। कार्यक्रम स्थानीय संस्कृतियों और लोगों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित किए जायेंगे। इस दौरान मंदिरों के अलावा, विहिप बौद्ध मठों, जैन मंदिरों और गुरुद्वारों तक भी पहुँचेगी। विहिप द्वारा रविदासिया और वाल्मीकि जैसे दलित समुदायों को भी इस अभियान में शामिल किए जाने की उम्मीद है। दरअसल विहिप के इस अभियान को सांस्कृतिक और हिंदुत्व संदेश के मिश्रण के रूप में देखा जा रहा है जिसका उद्देश्य अपने सामाजिक आधार को व्यापक बनाना और हिंदू समाज को जागरूक करना है। विश्लेषकों का कहना है कि देश भर में एक लाख स्थानों पर और अकेले उत्तर प्रदेश में 8,000 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन राम जन्मभूमि आंदोलन जैसे अभियानों की तरह ही है जिसका पूरे देश में व्यापक असर दिखाई देगा। विहिप का मानना है कि इस अभियान की मदद से जमीनी स्तर पर पैठ बनाने के लिए किया जाएगा । इसका इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर विहिप-भाजपा वैचारिक तालमेल को मज़बूत करने, लोगों का मूड भांपने, भविष्य के राजनीतिक मुकाबलों के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित करने और विपक्षी आख्यानों, खासकर जातिगत पहचान की राजनीति पर आधारित आख्यानों, का सामना करने के लिए किया जाएगा।

## श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने महादेव को बांधी राखी

**लखनऊ।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं ने महादेव को राखी बांधकर अपनी रक्षा का आशिर्वाद लिया। शुक्रवार को चौक कोतवाली स्थिति कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर महादेव को महिलाओं ने राखी बांधी। यह कार्यक्रम श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महंत विशाल गौड ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के बीच कर्तव्य के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। भगवान ही सबके माता पिता, भाई, मित्र और पीड़ा हरने वाले होते हैं। इस वर्ष से यहां मंदिर में महादेव को राखी बांधकर रक्षा का आशिर्वाद लेने की नयी परंपरा शुरु की गयी है। उन्होने बताया कथाओ के अनुसार देवों और दानवों के बीच युद्ध के दौरान इंद्राणी ने देवराज इंद्र की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा था, जिससे देवताओं की विजय हुई थी। भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया था कि वे पाताल लोक में रहेंगे। देवी लक्ष्मी जो भगवान विष्णु के साथ नहीं रहना चाहती थीं, ने राजा बलि को राखी बांधकर उनसे अपने पति को वापस भेजने का अनुरोध किया। राजा बलि ने प्रसन्न होकर भगवान विष्णु को देवी लक्ष्मी के साथ जाने की अनुमति दी। महंत विशाल गौड़ ने बताया यह पर्व परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और स्नेह को मजबूत करता है। सभी को इसे श्रद्धा से मनाना चाहिए। महादेव ही अपने भक्तों की हम परेशानी में मदद करते हैं इसलिए महिलाओं ने उनको राखी बांधकर अपनी सुख समृद्धि और सुरक्षा का आशीर्वाद दिया है।

## 14 साल की रेप पीड़िता की डिलीवरी हुई, आरोपी जेल में बंद है

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के झलकारी बाई महिला अस्पताल में 14 साल की रेप पीड़िता ने बच्चे को जन्म दिया है। बहराइच निवासी बच्ची के साथ रेप हुई थी। बुधवार को गंभीर हालत में परिजन किशोरी को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों की निगरानी में उसकी डिलीवरी हुई। डिलीवरी के बाद किशोरी की हालत फिलहाल स्टेबल बताई जा रही है। मौके पर उसके पिता समेत कुछ अन्य परिजन भी मौजूद हैं। झलकारीबाई महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के मुताबिक 6 अगस्त को किशोरी को गंभीर अवस्था में भर्ती किया गया था। उसके साथ पिता समेत कुछ महिला परिजन भी मौजूद थीं। करीब 3 बजे नार्मल डिलीवरी से उसने बच्चे को जन्म दिया। फिलहाल दोनों की कंडीशन स्थिर है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र की है। मुकदमा दर्ज होने के बाद जब मेडिकल हुआ तो किशोरी के 4 माह का गर्भ था। रेप का आरोपी फिलहाल जेल में बंद है।

# दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में नवयुग कन्या महाविद्यालय की कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक के नेतृत्व में तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा तथा सूबेदार मेजर किशोरी लाल की देख-रेख में 2 एम टी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज, कैंट लखनऊ में 29 जुलाई 2025 से 07 अगस्त 2025 तक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-222 का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ शहर के प्रतिष्ठित स्कूल-कॉलेज ( आई.टी., अवध, खुनखुन जी, नारी शिक्षा निकेतन, श्री राम स्वरूप, शशिभूषण, पं. दीन दयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज समेत 20 कॉलेज) की 575 बालिका कैडेट्स ने प्रतिभाग किया,नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 54 कैडेट्स ने भी एसोसिएट एनसीसी









अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ( जिन्होंने शिविर के प्रशिक्षण अधिकारी का दायित्व निभाया ) के नेतृत्व में इस शिविर में प्रतिभागिता की,शिविर के दौरान सैन्य प्रशिक्षण के अंतर्गत ड्रिल, शस्त्र, मानचित्र, भूमि कौशल युद्ध कौशल, फील्ड सिगनल्स, अंबुश, पैट्रोलिंग का प्रशिक्षण दिया गया इसके अतिरिक्त एनसीसी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तथा इन युवा कैडेट्स को अच्छा नागरिक बनाने के लिए नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, नागरिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई, संचार कौशल, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, सम्मान संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण भी दिया गया, सड़क सुरक्षा,अग्निशमन,कैंसर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथि विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए, लखनऊ मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव द्वारा भी कैंप का निरीक्षण किया गया जिसमें उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसमें महाविद्यालय की कैडेट्स भी सम्मिलित थी, निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के कैडेट्स के रहने के स्थान की सुव्यवस्था की अत्यंत सराहना की गई। अंबुश अर्थात दुश्मन पर घात लगाकर आक्रमण करने की प्रक्रिया का भी अभ्यास एवं प्रदर्शन कराया गया जिसमें महाविद्यालय की 12 कैडेट्स सम्मिलित रही। 01 अगस्त 2025 को दैनिक जागरण द्वारा आयोजित भारत रक्षा पर्व के अंतर्गत मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया, कैंट लखनऊ में आयोजित विशेष समारोह में मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के साथ कैडेट आस्था त्रिपाठी एवं लक्षिका किशोर ने जनरल आफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सलिल सेठ समेत अन्य सैन्य अधिकारियों एवं उपस्थित जवानों को उनकी लंबी उम्र की कामना के साथ रक्षा सूत्र बांधे। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की तथा पुरस्कृत हुईं। दस दिवसीय शिविर में समस्त गतिविधियों में अनुशासन एवं सर्वश्रेष्ठ, उत्कृष्ट, प्रशंसनीय प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय की अल्फा कंपनी को शील्ड प्रदान की गई।

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर लिया संकल्प

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या की श्रावण पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम एवं 141वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी व पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व श्रावण पूर्णिमा पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर गोमती नदी व वृक्षो की रक्षा का संकल्प लिया गया और इसके बाद समाजसेवी सविता दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया गया और श्री गणेश वंदना के साथ नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के प्रसाद ग्रहण किया। हर बार की तरह बाद में 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू,सुधांशु शुक्ल,तेजस्वी गिरी,,रमेश चन्द्र बेरी,अंजनी पांडेय, रामकिशोर शुक्ल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र,पूनम शर्मा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, सुनीता गोस्वामी, रेनू शर्मा, पूनम तिवारी, आरती पांडेय, विश्वनाथ शुक्ल, अतुल तिवारी, राकेश अग्रवाल, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानित





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह के उपलक्ष में प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन काकोरी में हुआ जिसमें मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में किया गया जिसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा रहीं।

कार्यक्रम के पूर्व जिलाधिकारी अनुनय झा, अन्य अधिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने माननीय मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अन्य अतिथियों, अधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, स्कूली बच्चों ने मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण व मुख्यमंत्री के सम्बोधन को देखा। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग हमें ज्ञान प्राप्ति के लिए करना चाहिए। हमें अपने शहीदों को नमन करना चाहिए जिनका जीवन देश के नाम बलि चढ़ गया। देश की भावी पीढ़ी को अमर सेनानियों से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह बब्बन ने कहा कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन हमारे सेनानियों के संघर्ष को दिखाता है। बच्चों को देश का इतिहास जानना चाहिए। उन्होंने शहीद भगत सिंह के साथी अमर सेनानी जयदेव कपूर के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार जताया। सभागार के कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों व अधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों की ने निकाली प्रभात फेरी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन के उपलक्ष में कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ हुई। यह सोल्जर बोर्ड चौराहा, अटल चौक, गांधी भवन से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों में काफी जोश दिखा। उन्होंने देश भक्तिपूर्ण नारे लगाए। सबसे आगे बैंड वाले बच्चे चल रहे थे। पीछे देशभक्तिपूर्ण नारे लिखी तख्तियां व तिरंगा झंडा लेकर अन्य बच्चे जोश के साथ चल रहे थे। प्रभात फेरी का नेतृत्व नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी अशोक मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'बंधन स्वच्छता का' राखी कार्यक्रम का आयोजन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित 'बंधन स्वच्छता का' राखी कार्यक्रम का आयोजन क्ब्ड श्रीराम फ़ाउंडेशन द्वारा नगर पालिका परिषद हरदोई एवं फ़िनिश सोसाइटी के सहयोग से भव्य रूप से किया गया। इस विशेष अवसर पर वार्ड की उन बच्चियों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने वेस्ट-टू-आर्ट के माध्यम से रचनात्मक राखियाँ तैयार की थीं। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद हरदोई स्थित कोविड कमांड सेंटर में किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बच्चियों ने नगर पालिका परिषद हरदोई के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र 'मधुर', लेखा लिपिक विद्याभूषण, जे०ई० जलकल रंजीत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय पुष्पेंद्र सिंह, अनिल यादव, संतोष यादव, सम्मानित सभासद गण एवं सफाई साथियों को राखी बांधकर स्वच्छता का आशीर्वाद स्वरूप संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष महोदय एवं अन्य अधिकारियों ने बच्चों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस पहल ने त्यौहार की पवित्रता को और अधिक सार्थक बनाते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को सशक्त किया।

# पारिवारिक सुरक्षा के लिए एम स्वास्थ्य ने लांच किए नये प्लान

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**बघौली (हरदोई)।** परिवार के स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए एवं स्वास्थ्य कंपनी द्वारा लगातार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं इसके तहत प्रत्येक ग्राम सभा में एक एवं स्वास्थ्य सारथी का चयन कर उसके द्वारा पंजीकृत परिवारों को 1 वर्ष तक क्लीनिक से निशुल्क परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी के साथ में एम स्वास्थ्य ने पारिवारिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों के लिए चार नये प्लान लांच किए हैं जिसमें कि व्यक्तिगत दुर्घटना में एक लाख रुपए तक की सहायता के साथ अस्पताल में भर्ती होने पर प्रतिदिन के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय प्रबंधक शरदेन्दु मिश्र राहुल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एम स्वास्थ्य द्वारा प्रत्येक माह गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं जिसमें कि एमबीबीएस डाक्टर प्रशिक्षित उपचारिकाओ के साथ ग्रामीणों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की जा रही है।

# जतुली गांव के कई घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ (हरदोई)।** विकास खंड के जतुली गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती में पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ है और पशुओं के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है।

सचिन कुमार गुप्ता लेखपाल ने बाढ़ का जायजा लेकर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। गांव में पानी भर जाने से बारिश के दौरान आवागमन में बाधा आ रही है। लेखपाल ने गांव की स्थिति को अपने उच्च अधिकारी तक पहुंचाया जिसके बाद मौके पर बीडीओ व तहसीलदार सचिंद्र कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार लालचंद लाल, कानूनगो सतेंद्र नाथ गांव में पहुंचकर पूरे गांव का जायजा लिया। जतुली गांव के जिन घरों में पानी घुसा है उन लोगों का नाम जैयपाल अंकज कमलाकांत गुड्डू पारुल सुरेंद्र कुमार गौरी शर्मा कपिल चंद्र प्रकाश मुकेश सुशील रामकिशन शारदा सुधीर सोहेल रामकिशोर मदनपाल मुला रानू उर्वेश चंद्रप्रकाश संतराम सुरेंद्र सूरत आनंद लक्ष्मण आदर्श आजाद मुन्नी देवी लालाराम रामप्रकाश विष्णु लज्जाराम आकाश इंद्रपाल सुभाष सचिन कृष्ण कुमार आदि का नाम नोट करके लेखपाल ने उन लोगों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है और उन लोगों की खाने पीने वो रुकने की व्यवस्था भी करवा दी। गांव में पानी घुसने से लोगों में भय का माहौल है।

# जन सुनवाई में प्राप्त हुईं 50 शिकायतें

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान



जिलाधिकारी अनुनय झा सहयोगी अधिकारियों की उनकी टीम ने बड़ी संख्या में आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों का वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाये गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जाये। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के आवेदनों का जल्द निस्तारण कराया जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नहर में फ़िसलकर डूबने से वृद्ध की मौत

**कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** रिश्तेदारी में आए बुजुर्ग व्यक्ति की नहर किनारे शौच जाने पर शारदा नहर में पैर फिसलने के कारण डूबने से मौत हो गई। अगले दिन गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। इस घटना से परिवारजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को कस्बा संडीला के मोहल्ला बहादुर नगर निवासी रमेश चंद्र जयसवाल (65) पुत्र फूलचंद जायसवाल कछौना थाना क्षेत्र के डबल नहर पर लालपुर स्थित देशी शराब ठेका संचालक के यहां रिश्तेदारी में आए थे। बृहस्पतिवार की सुबह (डबल नहर) शारदा नहर के किनारे शौच क्रिया के लिए गए थे। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से शारदा नहर में चले गए और डूब गए। काफी देर तक वापस न आने पर खोजबीन शुरू कर दी उसी दौरान शारदा नहर की पटरी पर चप्पल पड़ी मिली। इसी आशंका के चलते लायक खेड़ा के गोताखोरों के काफी मशक्कत के बाद शव को खोज सके। कछौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक का एकलौता पुत्र राजीव जायसवाल जो वर्तमान समय में कोथावां ब्लॉक के गोसवा के परिषदीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात है। पिता के असमय निधन से शिक्षक परिवार काफी आहत है।



मृतक की फ़ाइल फोटो

# पाली मंडल में हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त मंडल कार्य योजना बैठक संपन्न हुई

**पाली (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** सर्व प्रथम ड्रा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मृति चिन्ह पर मुख्य अतिथि रामू अग्निहोत्री और विशिष्ट जैनेंद्र प्रताप के द्वारा माल्यार्पण कर बैठक आरंभ हुई जिसमें विशिष्ट अतिथि जैनेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए जारहे अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा शहीद के घर घर जा कर शहीद सैनिको के परिजनों को सम्मानित करना मंडल पदाधिकारों को अवगत कराया गया जैसे मंडल महामंत्री मंडल उपाध्यक्ष शक्ति का संयोजक बूथ अध्यक्ष इन सभी कार्यक्रमों को सफ्ल बनाएं अपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी ने बताया है कि आगामी 12 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी कार्यक्रम का संचालन राम प्रताप सिंह मंडल महामंत्री ने किया बैठक में उपस्थित बैठक में महिला मोर्चा महामंत्री अदिति कुशवाहा राम बाबू शुक्ला अनूप बाजपेई अजीत गुप्ता रामू कुशवाहा हरिहर शरण शुक्ला रामप्रकाश सिंह श्रीपाल कश्यप महावीर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# गंगा में जलस्तर की वृद्धि लगातार जारी प्रशासन एलर्ट

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** गंगा में लगातार बैराजों से छोड़े जा रहे पानी व



बारिश के पानी से नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है, बिलग्रामैक्ड एन राम ने गंगा में बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया और लेखपाल, कानूनगो को बाढ़ से संबंधित समस्याओं से निपटने के निर्देश दिएए तेरवाकुल्ली के देवीपुरवा गांव के निवासियों ने बताया कि गंगा में लगातार जलस्तर की बढ़ोत्तरी जारी है यदि ऐसे ही दो दिन बढ़ोत्तरी होती रही तो गांव के चारो तरफ पानी ही पानी नजर आयेगा, जिससे किसानों की फ्सलों को नुकसान होगा, फिलहाल अभी तक तो गंगा की गोद में ही जल उफ्ना रहा हैए लेकिन कही कहीं कटान की स्थिति बनी हुई है। अभी तक तो कोई नुकसान की खबर नहीं प्राप्त हुई है।

# हर घर तिरंगा मंडल गोष्ठी का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरियावाँ (हरदोई)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार परिसर में 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक भव्य मंडल स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गयाए जिसमें देशभक्ति की भावना पूरे जोश के साथ झलकी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह श् 'शुभम' ने शिरकत की।गोष्ठी के दौरान सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। जिलाध्यक्ष ने 'सैनिकों के सम्मान', 'आपरेशन सिंदूर', और 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियानों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे ये पहल राष्ट्र की अखंडता और गौरव को सशक्त करती हैं। विशिष्ट अतिथि शशांक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अभियान केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-जन में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे हर गांव, हर गली, हर घर तक जाकर लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता दिखाई जाए। गोष्ठी में मंडल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता समेत पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जिला संयोजक संतोष पाण्डेय, मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह, अश्वनी त्रिपाठी, मनोज पांडेय, युवा भाजपा नेता निशांत सिंह 'सत्यम' समेत वरिष्ठ कार्यकर्ता और युवा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति के गीतों और जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बनता था।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआए जहां सभी उपस्थित जनों ने देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

> ■ देशभक्ति और उत्साह से सराबोर रहा माहौल।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष विनोद राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे, हर घर तिरंगा अभियान की अध्यक्षता भाजपा ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रभुख श्री मिश्रा ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आनए बान और शान का प्रतीक है। जैसे ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता ने राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल किया है, वैसे ही 'हर घर तिरंगा' अभियान को भी जन.जन से जोड़ने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे मनोयोग से अभियान में जुट जाएं और इसे एक जनआंदोलन का रूप दें। बैठक में यात्रा की तारीख, मार्ग, व्यवस्थापन, जनसंपर्क अभियान तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर गहन चर्चा की गई। विनोद राठौर ने बताया कि तिरंगा यात्रा का आयोजन मंडल स्तर के तहत हर गाँव हर घर किया जाएगा। यह यात्रा न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि होगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भारत की संप्रभुता का प्रतीक भी बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर.घर जाकर तिरंगा फहराने के महत्व को समझाएं और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। बैठक में मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण मनोज राजपूत, उधरनपुर अनुज राजपूत, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभय वर्मा, महामंत्री ग्रामीण व उधरनपुर नीरज राठौर व हरिओम कुशवाहा सहित सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किशोर से कुकर्म कर उसका वीडियो बनाने वाला दूसरा आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर के साथ कुकर्म कर उसका वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

प्राप्त विवरण में 31 जुलाई को किशोरी के पिता द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि नावेद पुत्र मंसूर और तस्लीम पुत्र नूर हसन निवासी ग्राम कठमा थाना शाहाबाद द्वारा वादी के भतीजे के साथ मारपीट कर गलत कार्य किया गया तथा उसका वीडियो बनाकर वायरल किया गया। इस संबंध में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। क्राइम इंस्पेक्टर शिव गोपाल और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद नावेद पुत्र मंसूर निवासी ग्राम कठमा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है।

# 10 से 28 अगस्त तक जनपद के 15 ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में चलेगा आईडीए अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के 15 ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलेगा जिसके तहत आशा कार्यकर्ता घर.घर जाकर लोगों को फ्इलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगी । इसी क्रम में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सी फॉर) के सहयोग से मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० जितेन्द्र कुमार ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन प्राथमिकता में है। इसे जनांदोलन बनाएं जिससे कि शत प्रतिशत लक्षित जनसंख्या दवा का सेवन करे और जनपद फाइलेरिया मुक्त हो सके । इस अभियान का प्रचार प्रसार करें और दवा को लेकर जो भ्रांतियां हैं उन्हें दूर करें। प्रचार करें कि दवा आशा कार्यकर्ता के सामने खानी है बाद में खाने के लिए नहीं देनी है और खाली पेट नहीं खानी है । राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल डॉ० सुरेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है और मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी से दवा खाकर बचा जा सकता है। इसलिए साल में एक बार आईडीए अभियान चलाया जाता है। आईडीए के तहत लगातार तीन साल में एक बार दवा खाकर बीमारी से बचाव संभव है। इस बीमारी के लक्षण संक्रमित मच्छर के काटने के पांच से 15 साल बाद दिखाई देते हैं तब तक संक्रमित व्यक्ति जाने अनजाने संक्रमण फैलाता है। दवा एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है । दवा सेवन के बाद यदि सिर में दर्द, उल्टी या चक्कर आते हैं तो यह परेशानी की बात नहीं है बल्कि यह शुभ संकेत हैं कि शरीर में माइक्रो फाइलेरिया थे और दवा सेवन के बाद उनके खत्म होने के कारण यह लक्षण दिखाई दिए। यह कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं। यदि ज्यादा दिक्कत होती है तो जनपद में रैपिड रिस्पॉन्स टीम बनाई गई है आशा कार्यकर्ता के माध्यम से उससे संपर्क कर सकते हैं। अभियान के तहत एल्बेंडाजोलए डाईइथाइल कार्बामजिन और आइवरमेक्टिन खिलाई जाएगी। यदि किसी कारणवश दवा का सेवन नहीं कर पाते हैं तो आशा कार्यकर्ता के घर जाकर दवा ले सकते हैं। आशा के घर पर दवा का डिपो बनाया गया है। एक से दो साल के बच्चों को दवा पीसकर खिलानी है। बाकी अन्य को दवा भी पीसकर या चबाकर खानी है। आइवरमेक्टिन लंबाई के अनुसार खिलाई जाएगी। सहयोगी संस्थाओं की भूमिका इस अभियान में तकनीकी सहयोग में पाथ और सामुदायिक जागरूकता के लिए पीसीआई व सीफार संस्थाएं सहयोग कर रहीं हैं इसके अलावा समुदाय में स्तर पर पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी)-सीएचओ के नेतृत्व में जनजागरूकता फैला रहें हैं। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों, ग्राम प्रधानों, कोटेदारों जैसे स्थानीय हितधारक भी जुड़े हुए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र और 15 ब्लॉक में अभियान चलेगा। अभियान के तहत लगभग 38 लाख की लक्षित जनसंख्या को आच्छादित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 615 सुपर वाइजर और 3437 टीमें बनाई गई हैं। इस अवसर पर पत्रकारों ने स्वयं से दवा मांगकर सेवन किया।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै नियाज अली पुत्र स्व0 अली हसन, श्रीमती शाहजहाँ बेगम पत्नी नियाज अली पताः- नुमाइशपुरवा थाना कोतवाली शहर, तह0 व जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरा पुत्र यामीन तथा पुत्रवधू हीना है, जो आए दिन लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करते है और हर तरह से मुझे व मेरे परिवारीजनों को परेशान करते रहते है। इनका चाल-चलन ठीक नहीं है। परिवार की इज्जत समाज में खराब कर रहे है, जिससे क्षुब्ध होकर मैने अपने पुत्र यामीन तथा पुत्रवधू हीना को उसके गलत चाल-चलन, व्यवहार व आचरण दूषित होने के कारण सम्बन्ध विच्छेदन कर लिए है और अपने पुत्र यामीन तथा पुत्रवधू हीना को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब भविष्य में मेरे पुत्र यामीन तथा पुत्रवधू हीना द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह दोनों स्वयं ही जिम्मेदार होगें।

## कर्ज का मर्ज

कभी देश की किसानी के लिये आदर्श कहे जाने वाले पंजाब के किसान आज कर्ज के मर्ज से इतना क्यों त्रस्त होते जा रहे हैं, यह गंभीर विमर्श का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, मौजूदा हालात में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है। हाल ही में लोकसभा में पेश की गई नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट की रिपोर्ट पंजाब के किसानों की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करती है। जो उन्हें देश में संस्थागत ऋण लेने वाले किसानों की सूची में शीर्ष पर रखती है। यह रिपोर्ट कई चौंकाने वाले खुलासे करती है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राज्य के लगभग पच्चीस लाख किसानों ने कृषि कार्यों के लिये विभिन्न बैंकों से ऋण लिया है। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज चढ़ा है। इससे पहले देश की संसद को सूचित किया गया था कि पंजाब में वर्ष 2017 से 2021 तक करीब एक हजार किसानों ने अपनी जीवन लीला आत्महत्या करके समाप्त कर ली थी। दरअसल, जांच-पड़ताल में यह बात भी सामने आई थी कि इन आत्महत्याओं के मूल में कर्ज का भारी बोझ ही था। कर्ज न चुका पाने या कर्ज वसूली के तौर-तरीकों से आहत किसान मौत को गले लगाना अंतिम समाधान मानने लग जाते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इस संकट से सिर्फ किसान ही जूझ रहे हैं, कमोबेश खेतिहर मजदूरों के लिये भी परिदृश्य उतना ही निराशाजनक है। दरअसल, पिछले साल अर्थशास्त्रियों के पटियाला स्थित एक थिंक टैंक द्वारा कराये गये एक अध्ययन में पाया गया कि पंजाब में खेतों में काम करने वाले मजदूरों पर उनकी वार्षिक आय से चार गुना कर्ज चढ़ा हुआ था। यह कर्ज औसतन चौबीस हजार रुपये बताया गया था। यह अध्ययन कई गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान दिलाता है। इस अध्ययन में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2019 के बीच 898 खेतिहर मजदूरों ने भी आत्महत्या करके जीवन लीला समाप्त कर ली थी। निस्संदेह, ये हालिया आंकड़े कृषि की चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। वहीं दूसरी ओर ये आंकड़े उन कृषि नीतियों पर सवालिया निशान लगाते हैं, जो अनाज उत्पादक किसानों की आर्थिक परेशानियों को कम करने के लिये लागू करने की बात देश के नीति-नियंता करते हैं। पंजाब की आम आदमी सरकार विगत में दावे करती रही है कि वह अपनी किसान कल्याण नीति के निर्माण की दिशा में तेजी लायेगी। साथ ही यह भी कह रही है कि वह चुनाव के दौरान किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिये किये गये वायदे को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह साफ है कि पूर्ववर्ती कंग्रेस सरकार के दौरान लाई गई ऋण माफी योजना के प्रभावी परिणाम सामने नहीं आये हैं। जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि किसानों की किस्मत बदलने के लिये सिर्फ राहत पैकेज से काम नहीं चलेगा। इसके लिये कुछ ठोस कदम उठाने की भी जरूरत होगी। दरअसल कृषि अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिये प्रभावी और महत्वपूर्ण स्थायी कदम उठाने की जरूरत है। मौजूदा ऋण संकट के अलावा नीति-नियंताओं को लगातार बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बीच व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत होगी। इसके अंतर्गत जहां पर्यावरण अनुकूल और अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों के विविधीकरण पर बल देने की जरूरत है, वहीं भूजल संकट को भी नियंत्रित करने की आवश्यकता होगी। साथ ही फसलों के उन बीजों के शोध व अनुसंधान पर भी काम करना होगा जो कम बारिश व अधिक तापमान के बीच उत्पादकता को बढ़ा सकती हैं। अन्यथा हमारी खाद्य शृंखला संकट में पड़ सकती है। इसमें पराली जलाने से उपजे संकट का भी समाधान निकालना होगा। इसमें दो राय नहीं कि जो किसान देश के नागरिकों की थाली में भोजन पहुंचाने के लिये तन झुलसाती गर्मी, रक्त जमाती सर्दी और बारिश में कड़ी मेहनत करते हैं, वे बेहतर सुविधाओं के हकदार हैं। ताकि उनके लिये कृषि महज घाटे का सौदा साबित न हो।

> **लोकसभा में पेश की गई नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट की रिपोर्ट पंजाब के किसानों की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करती है। जो उन्हें देश में संस्थागत ऋण लेने वाले किसानों की सूची में शीर्ष पर रखती है। यह रिपोर्ट कई चौंकाने वाले खुलासे करती है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राज्य के लगभग पच्चीस लाख किसानों ने कृषि कार्यों के लिये विभिन्न बैंकों से ऋण लिया है। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक किसान पर करीब तीन लाख रुपये का कर्ज चढ़ा है। इससे पहले देश की संसद को सूचित किया गया था कि पंजाब में वर्ष 2017 से 2021 तक करीब एक हजार किसानों ने अपनी जीवन लीला आत्महत्या करके समाप्त कर ली थी।**

## रक्षाबंधन का त्योहार: भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक

**रक्षाबंधन पर विशेष**

रमेश सर्राफ धमोरा

> **भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है।**

भारत एक ऐसा देश है जहाँ लोग साल भर त्योहार मनाते रहते हैं। उनमें से राखी का त्योहार लोगों के दिलों में बहुत खास जगह रखता है। बाकी सभी त्योहारों के मुकाबले रक्षाबंधन एक अलग रिश्ते के महत्व को जताने और दिखाने का उत्सव होता है। बच्चे हों या बुजुर्ग, अपने भाई या बहन के साथ के खास रिश्ते के लिए सभी साल दर साल इसे यादगार तरीके से मनाते रहते हैं। रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के बीच पवित्र स्नेह को सदियों से दर्शाता चला आ रहा है। रक्षाबंधन का अर्थ होता है रक्षा का बंधन। हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः  
तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः

(जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना।) भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थीं। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते हैं कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं। महाराष्ट्र में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा। रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इसमें हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, सौराष्ट्र से असम तक देखें तो यहां के लोग प्रतिदिन कोई न कोई त्योहार मनाते मिलेंगे। इन त्योहारों के मूल में आपसी रिश्तों के बीच मधुरता घोलने एवं सरसता लाने की भावना रहती है। भाई-बहन के बीच प्यार, मनुहार व तकरार होना एक सामान्य बात है। लेकिन रक्षा बंधन के दिन बहन द्वारा भाई के हाथ में बांधे जाने वाले रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह और बहन के प्रति भाई के कर्तव्यबोध को पिरोया गया है। नोबेल पुरष्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए इस त्योहार को मनाने को प्रोत्साहित किया था। वह इस त्योहार के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना चाहते थे। उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे के हाथों पर राखी बांधने के लिए प्रोत्साहित किया, जो भाईचारे और अपने समुदाय के लिए प्यार का प्रतीक है।

## यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी आलाकमान लोकसभा वाली गलती से बचेगा

अजय कुमार

> **पार्टी सूत्रों के अनुसार, विधायकों का यह ऑडिट गोपनीय तरीके से किया जा रहा है। विधायकों को तीन श्रेणियों,ए, बी और सी में बांटा जा रहा है। जिनका प्रदर्शन कमजोर है या जिनकी छवि विवादों से घिरी है, उन्हें सी श्रेणी में रखा जा रहा है, और उनके टिकट कटने का खतरा मंडरा रहा है। जनता की नाराजगी का आलम यह है कि कई क्षेत्रों में लोग अपने विधायकों की अनदेखी और विकास कार्यों में लापरवाही से नाखुश हैं। इसके अलावा, कुछ विधायकों के विवादित बयान और कानूनी मसले भी पार्टी के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। कुछ विधायकों के नाम इस संदर्भ में चर्चा में हैं। बलिया से बीजेपी विधायक आनंद स्वरूप शुक्ला का नाम विवादों से जुड़ा रहा है।**

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को और मजबूत करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी आलाकमान अबकी से 2024 के लोकसभा चुनाव की गलती नहीं दोहरायेगी,जब अति आत्मविश्वास में बीजेपी ने उन सांसदों का टिकट नहीं काटा था,जिनसे वोटर नाराज चल रहा था या फिर विवादों में घिरे हुए थे। इसी लिये अबकी बार बीजेपी ने 403 विधानसभा सीटों पर अपने विधायकों और प्रमुख नेताओं के प्रदर्शन का गंभीरता से आकलन शुरू कर दिया है। इस बार पार्टी का लक्ष्य यूपी में हैट्रिक लगाना है, जिसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस प्रक्रिया में विधायकों की क्षेत्रीय सक्रियता, जनता से संवाद, विकास कार्यों की प्रगति, बजट उपयोग और उनकी छवि जैसे मापदंडों पर गहन मूल्यांकन किया जा रहा है। खास तौर पर उन विधायकों पर नजर है, जिनसे जनता नाराज है या जो किसी विवाद में फंसे हैं। ऐसे विधायकों के टिकट कटने की संभावना तेज हो गई है, क्योंकि बीजेपी जीत की गारंटी देने वाले उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारना चाहती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विधायकों का यह ऑडिट गोपनीय तरीके से किया जा रहा है। विधायकों को तीन श्रेणियों,ए, बी और सी में बांटा जा रहा है। जिनका प्रदर्शन कमजोर है या जिनकी छवि विवादों से घिरी है, उन्हें सी श्रेणी में रखा जा रहा है, और उनके टिकट कटने का खतरा मंडरा रहा है। जनता की नाराजगी का आलम यह है कि कई क्षेत्रों में लोग अपने विधायकों की अनदेखी और विकास कार्यों में लापरवाही से नाखुश हैं। इसके अलावा, कुछ विधायकों के विवादित बयान और कानूनी मसले भी पार्टी के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। कुछ विधायकों के नाम इस संदर्भ में चर्चा में हैं। बलिया से बीजेपी विधायक आनंद स्वरूप शुक्ला का नाम विवादों से जुड़ा रहा है। उनके कुछ बयानों और स्थानीय स्तर पर जनता से दूरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे उनकी स्थिति कमजोर मानी जा रही है। इसी तरह, मेरठ के एक विधायक पर भी स्थानीय लोगों ने उपेक्षा का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ पार्टी के अंदर भी असंतोष की बातें सामने आ रही हैं। आलाकमान कमजोर विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है,यह जानकारी आते ही कई विधायकों ने जनता से संवाद बढ़ा दिया है। आजकल लखनऊ के एक विधायक योगेष षुक्ल सुबह-सुबह गांव की चौपाल पर चाय की चुस्कियां लेते दिखते हैं, जनता से गप्पे मारते हुए मिल जाते हैं। वहीं, गोरखपुर से विधायक और पूर्व मंत्री फतेह बहादुर ब्रहम भोज तक नहीं छोड़ रहे हैं,इसकी फोटो भी सोषल मीडिया में डालते हैं। तो रात-रात भर कथित तौर पर जनसुनवाई करते रहते रहे हैं। कुछ समय पूर्व फतेह बहादुर ने आरोप लगाया है कि यूपी पुलिस के अधिकारी कुछ माफियाओं के साथ मिलकर उनकी हत्या कराना चाहता है.यह कहकर उन्होंने अपनी ही सरकार की किरकिरी करा दी थी। कानुपर के विधायक महेष त्रिवेदी भी सोशल मीडिया पर हर दिन फोटो डाल रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने कानपुर में एक सरकारी कर्मचारी को कान पकड़ कर माफी मांगने को मजबूर कर दिया था,यह विधायक नगर आयुक्त को भी मुर्गा बनाने की बात कह चुके हैं। हद तो तब हुई, जब आजमगढ़ के मंत्री राकेश पांडेय ने मुफ्त राशन बांटने का ढोल पीटा, जबकि राशन की दुकान तो पहले से चल रही थी!कहीं मंदिरों में दर्शन, तो कहीं नुक्कड़ सभाओं में बड़े-बड़े वादे। एक विधायक तो पिछले हफ्ते हर गांव में पौधरोपण करवाने पहुंच गए, पर गांव वालों ने पूछ लिया, “साहब, पिछले पांच साल कहां थे? कानपुर की मंत्री प्रतिभा शुक्ला तो अकबरपुर कोतवाली में इंस्पेक्टर के खिलाफ धरने पर बैठ गईं, ताकि जनता को लगे वो उनके हक के लिए लड़ रही हैं। बलिया के विधायक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जो पहले विवादों में रहे, अब अपने क्षेत्र में हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में दिख रहे हैं। हाल ही में एक पुल के उद्घाटन की सूचना न मिलने पर वो नाराज हो गए और अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। गौरतलब हो, बीजेपी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि पार्टी कमजोर कड़ियों को हटाने में देर नहीं करेगी। दूसरी ओर, विपक्षी दल जैसे समाजवादी पार्टी (सपा) भी इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश में हैं। सपा ने हाल के उपचुनावों में अपने प्रदर्शन को 2027 का सेमीफाइनल मानते हुए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बीजेपी की इस ऑडिट प्रक्रिया से उन विधायकों में बेचौनी है, जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिए हैं कि केवल वही उम्मीदवार टिकट पाएंगे, जो जनता की कसौटी पर खरे उतरेंगे और जीत की संभावना को मजबूत करेंगे। खैर, 2027 का चुनाव बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि विपक्ष भी ओबीसी और अन्य सामाजिक समीकरणों को भुनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में, विवादित और अलोकप्रिय विधायकों को हटाकर बीजेपी अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। यह प्रक्रिया न केवल पार्टी की रणनीति को दर्शाती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि यूपी की सियासत में जनता की नाराजगी अब नजरअंदाज नहीं की जा सकती। खैर, अब जनता भी अब समझने लगी है कि ये सब चुनावी जुगाड़ है। कुछ लोग तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ मुंह चिढ़ाते हुए कहते हैं, “पांच साल बाद याद आया जनता का दुख?” फिर भी, विधायक और मंत्री कोई कसर नहीं छोड़ रहे। अब देखना ये है कि ये हथकंडे कितना रंग लाते हैं। जनता का मूड और आलाकमान का फैसला ही तय करेगा कि कौन पास होता है और कौन फ़ेल!

## प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी

ललित गर्ग

**विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष**

> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की कल्पना में अगर “सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास” का सूत्र वाक्य सार्थक करना है, तो आदिवासी पुनर्ज़ागरण सबसे पहली शर्त है। इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रयी बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं।**

विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवासियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। 'जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है'-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही 'वनवासी' कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें 'पराया' बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की कल्पना में अगर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का सूत्र वाक्य सार्थक करना है, तो आदिवासी पुनर्ज़ागरण सबसे पहली शर्त है। इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रयी बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका “सुखी परिवार अभियान” केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें। आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियाँ न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्ज़ागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है।' वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया। आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे। आज की वैश्विक दुनिया 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाज़ार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े। भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहाँ आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी। इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आज़ादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी। आज विश्व आदिवासी दिवस हमें इन भूलाए गए नायकों को स्मरण करने, उनका गौरव गान करने और नई पीढ़ी में उनकी प्रेरणा जगाने का अवसर देता है। विश्व आदिवासी दिवस एक प्रतीक दिवस है, परंतु नीति, नीयत और निष्ठा से इसका पालन आवश्यक है। केवल भाषण, घोषणाएं और योजनाओं से आदिवासी समाज नहीं बदलेगा। उन्हें सुनने, समझने और साथ चलने की आवश्यकता है। उनके जल, जंगल, जमीन के अधिकार की कानूनी एवं नैतिक सुरक्षा हो। उनकी भाषा, परंपरा और नृत्य-संगीत को संरक्षित किया जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर स्थानीय सांस्कृतिक परिवेश में उपलब्ध कराए जाएं। आदिवासी नेतृत्व को राजनीतिक सशक्तिकरण मिले। नया भारत आदिवासी आत्मा के बिना अधूरा है क्योंकि भारत की आत्मा आदिवासियों की थापों में बसती है, उनके ढोल, मांदर, बांसुरी, उनके लोकगीत, उनके नृत्य और उनकी सरलता में। यदि हमें नया भारत बनाना है तो हमें आदिवासी समाज के साथ खड़ा होना होगा, उनके लिए नहीं, उनके साथ। गणि राजेन्द्र विजयजी जैसे संत इस दिशा में दीपशिखा बनकर मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस विश्व आदिवासी दिवस पर हम केवल स्मरण नहीं, संवेदना, संरक्षण और सहभागिता के साथ इस अद्वितीय समाज के साथ जुड़ें, यही होगा सच्चा राष्ट्रधर्म।

# रक्षाबंधन से पहले ठप हुई उप डाक घर की सेवाएं

## सर्वर डाउन होने से रास्ते में फंसी राखियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व से पहले जब घर-परिवारों में खुशियों की तैयारियां चल रही हैं,उसी वक्त बांकेगंज उप डाकघर सहित सभी क्षेत्र के डाकघर की डिजिटल सेवाओं का ठप होना,जरूरतमंदों के लिए चिंता और परेशानी का कारण बन गया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाताधारक-जिनमें विधवा महिलाएं,दिव्यांगजन तथा किसान सम्मान निधि के लाभार्थी शामिल हैं- पिछले छह दिनों से अपने भुगतानों के लिए डाक घर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सर्वर डाउन होने से स्पीड पोस्ट तथा पर्सनल जैसी तमाम सेवाओं की गति सुस्त, ऐसे में बहनों की राखियां भी रास्ते में अटक गई है रक्षाबंधन का आज लास्ट दिन है ऐसे में बहनों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल राखी समय से भेजती हूं मगर इस बार डाक विभाग का रवैया पल्ले नहीं पड़ा। मुख्य डाकघर से लेकर कई डाकखानों में लगी है लंबी लंबी कतारे लग रही हैं।बांकेगंज उप डाकघर के मैनेजर ओमप्रकाश गौतम ने बताया की डाक विभाग के नए सॉफ्टवेयर नया वर्जन आईटी 2.0 में आ रही लगातार तकनीकी दिक्कत सिस्टम अपडेट न हो पाने की वजह से खाता धारको को हर दिन मायूसी के साथ खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

डाकघर के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। तेज बारिश और उमस के बीच बुजुर्ग व महिलाएं,दिव्यांग तथा गरीब ग्रामीण घंटों इंतजार करते हैं, उम्मीद लिए कि आज शायद भुगतान हो जाएगा। लेकिन हर दिन उन्हें यही सुनने को मिलता है- सिस्टम व सर्वर डाउन है, कल आइए स्थानीय लोगों का कहना है कि छह दिन बीत जाने के बावजूद न तो समस्या का समाधान हुआ,न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। कर्मचारी भी असहाय नजर आते हैं,क्योंकि उनके पास भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। इससे पहले भी ऐसी तकनीकी समस्याएं देखने को मिली हैं, लेकिन त्योहारों के ठीक पहले इस तरह की अव्यवस्था लोगों की भावनाओं पर चोट कर रही है। रक्षाबंधन जैसे त्योहार पर,जहां एक बहन को अपने भाई से रक्षा-सूत्र के साथ तोहफ़े की उम्मीद होती है, वहीं भुगतान में देरी ने कई घरों की तैयारी अधूरी छोड़ दी है। अब सवाल यह है कि क्या डाक विभाग समय रहते अपनी सेवाएं सामान्य कर पाएगा? या फिर सरकारी सिस्टम की यह सुस्ती फिर एक बार आम आदमी की उम्मीदों पर भारी पड़ेगी?

## शेरपुर में श्री रूद्रमहायज्ञ में यजमानों ने डाली पूर्णाहुति आहुतियां, कन्याभोज के साथ कराया भंडारा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। शेरपुर गांव में चल रही श्री रूद्रमहायज्ञ में सप्तम दिवस यज्ञाचार्य पंडित पवन कुमार बाजपेई व वैदिक मंडल ने यजमानों व ग्रामवासियों सपत्नीक से वैदिक मंत्रोच्चार कर हवनकुंड में पूर्णाहुति आहुतियां डलवायी। भक्तों ने बारिश की परवाह किए बगैर यज्ञपुरूष भगवान की परिक्रमाकर पुण्य लाभ कमाया। यज्ञ मण्डप में पूर्णाहुति होने के पश्चात यजमानों ने कन्याओं को भोज कराया फिर आये भक्तों को बैठाकर भंडारे का प्रसाद पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया गया।बारिश की खलल भी रोक न सकी आयोजकों के भक्ति भाव को।दर्जनों युवाओं ने तन-मन-धन देकर भंडारे इस आयोजन को भारी बारिश में भी सफल बनाया।जिसमें युवा शक्ति शेरपुर के संरक्षक अनुराग मिश्रा ने बताया कि अतुल शुक्ला, विजय शुक्ला, नैमिष मिश्रा, आनंद मिश्रा ,नन्हे भैया, विशाल, कुलदीप मिश्रा, अंकित मिश्रा, अतुल मिश्रा, विनोद मिश्रा, पवन शुक्ला, नितिन शुक्ला की विशेष मेहनत से यह अनुष्ठान संपन्न हुआ है।

# सी.जी.एन.(पी.जी.) कॉलेज, काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर किया गया एक संगोष्ठी का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। आपको अवगत कराते चलें कि सी जी एन पी जी कॉलेज गोला में 08 अगस्त,2025 को प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह के कुशल मार्गदर्शन में ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्ष पर महाविद्यालय में इस संगोष्ठी का आयोजन राजनीतिशास्त्र विभाग की ओर से किया गया। जिसमे महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने अपने विचार छात्र/छात्राओं के मध्य साझा किये।

इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने काकोरी ट्रेन एक्शन के मुख्य नायक रहे राम प्रसाद विस्मिल के जीवन एवं उनके समाज के प्रति दृष्टिकोण को रेखांकित किया। डॉ. गौरव अवस्थी ने काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े क्रांतिकारियों के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि ककोरी का इतिहास भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में प्रमुख स्थान रखता है। काकोरी कंाड स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक चिर स्मरणीय स्वर्णिम घटना है। डॉ. विकास चैरसिया, डॉ. अनिल कुमार ने भी छात्र/छात्राओं के मध्य अपने विचार साझा किये और बताया कि यह घटना 9 अगस्तए 1925 को शाहजहांपुर से लखनऊ आ रही ट्रेन में जा रहे अंगे्रजी सरकारी खजाने को काकोरी में हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने देश हित के लिए जबरन ले लिया था। इस घटना को अंजाम देने वालों में राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खान, राजेंद्र लाहिड़ी, मुकुंदी लाल, बनवारी लाल , चंद्र शेखर आज़ाद, रोशन सिंह सहित नौ क्रांतिकारी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद कुमार ने की। मंच संचालन डॉ. विश्वनाथ ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.गौरव अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। ब्यूरो रिपोर्ट धम्म चेतना न्यूज़ लखीमपुर खीरी ।

# लखीमपुर खीरी में एचआईवी एड्स से ग्रसित मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। एचआईवी एड्स से ग्रसित लोगों की पहचान गणना एवं अनुमानित संख्या का पता लगाने के लिए पीएमपीएसई राउंड 2 अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान 8 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान टीमें एड्स के रोगियों को खोजने का कार्य करेंगीं, उनकी तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस सभागार में हुई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ रवी मोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी एड्स से ग्रसित फीमेल सेक्स वर्कर, इंजेक्टीबल ड्रग यूजर, ट्रांसजेंडर मेल टू मेल सेक्स वर्कर आदि को अभियान के अंतर्गत ट्रैक किया जाएगा। साथ ही माइग्रेट होने वाली आबादी की गणना भी की जाएगी, जिससे एचआईवी एड्स से ग्रसित मरीजों की संख्या का अनुमान लगाया जा सके और उनकी प्रोफाइलिंग की जा सके। इसके लिए एचआईवी सहित सिफलिस की जांच भी कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के साथ जुड़कर शासन द्वारा चयनित कई एनजीओ इस कार्य में अहम भूमिका निभाएंगे। सभी संस्थाओं द्वारा बनाए गए हॉटस्पॉट माइक्रो प्लान साझा किए गए हैं।

जहां पर टीम में जाकर कार्य करेंगीं। साथ ही इसका डाटा भी संग्रह किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण विकास सेवा समिति के निदेशक अंबुज कुमार यादव, परियोजना प्रबंधक बृजेश कुमार, चित्रांशु समाज कल्याण परिषद पलिया कला के परियोजना निदेशक दिलीप कुमार, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार, दिशा टीम से सीपीएम पुष्कर जी, टीबीएचआईवी कोऑर्डिनेटर अनुदीप वर्मा, आईसीटीसी, पीपीटीसीटी, ओएसटी/ एसटीआई काउंसलर, श्रीकांत शुक्ला सहित सीएबी के सदस्य उपस्थित रहे।

## काकोरी कांड में हुए शहीदों की याद में आयोजित हुआ कार्यक्रम

मितौली खीरी। यूपी सरकार द्वारा आजादी के महानायक काकोरी कंाड के शहीदों की स्मृति में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया विकासखंड मितौली सभागार में खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने काकोरी कंाड के शहीदों एवं आजादी के महानायकों के चित्र पर माल्यार्पण किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया कस्ता। निवासी स्वर्गीय बनवारी लाल शुक्ला के पुत्र रमेश शुक्ला को सम्मानित किया गया। भीखमपुर निवासी अमर शहीद राज नारायण मिश्र के भतीजे दीपू मिश्रा को भी सम्मान मिला इसके अलावा भीखमपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माखनलाल मिश्र के भतीजे राजा राम मिश्रा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मगही निवासी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अयोध्या प्रसाद वर्मा के पौत्र पंकज वर्मा को खंड विकास अधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया।

# अपंजीकृत नर्सिंग होम सीज, बिना डिग्री संचालक ने चलाया था अस्पताल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप चिकित्सकों और अपंजीकृत क्लिनिकों के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। गुरुवार को निघसान रोड महेवागंज वर्मा होटल के सामने स्थित एक नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया। एसीएमओ डॉ. रवि मोहन गुप्ता की टीम ने शाम करीब 6:30 बजे उक्त नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम में कई महत्वपूर्ण कमियां पाई गईं। यह नर्सिंग होम बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। नर्सिंग होम का संचालक केवल इंटर पास है और उसके पास मेडिकल की कोई डिग्री नहीं थी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी डिग्री धारक डॉक्टर मौजूद नहीं था। अस्पताल में कार्यरत एक स्टाफ नर्स के पास पैरामेडिकल की कोई भी डिग्री या डिप्लोमा नहीं था। एक मरीज भी भर्ती पाया गया, जो बाद में स्वेच्छा से घर चला गया। अस्पताल में कुल पांच बेड, एक ओटी, एक ओपीडी कक्ष और एक क्लिनिक था। ओटी में कई सर्जिकल उपकरण पाए गए, जो उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं थे। इन सभी कमियों के चलते एसीएमओ डॉ. रवि मोहन गुप्ता और डिप्टी सीएमओ अमितेश दत्त द्विवेदी द्वारा मौके पर ही उक्त नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया।

## सुहेला में पुलिया से बाइक टकराई, युवक की पानी भरे नाले में गिरने से मौत

अजान खीरी। थाना हैदराबाद की अजान पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सुहेला में स्थित पुलिया से एक युवक की बाइक टकराने से युवक पानी भरे नाले में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब जानकारी परिजनों को घटना की जानकारी होते परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी अनुसार हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्दा निवासी प्रमोद कुमार (30 वर्ष), पुत्र तेज राम बृहस्पतिवार की सुबह रोजाना की तरह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोला में एक सिम पोर्ट करने वाली दुकान पर काम करने गया था। देर रात घर वापसी के दौरान जैसे ही उसकी मोटरसाइकिल ग्राम सुहेला के पास बनी पुलिया के पास पहुंची, उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। इससे वह पड़ोस में बने पानी के भरे नाले में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई।

# गोला गोकर्णनाथ खीरी में तीर्थ पुरोहितों की समस्याएं, विधायक से की मुलाकात प्रशासन की अनदेखी का आरोप



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तीर्थ पुरोहित सीमित के अध्यक्ष अशोक जोशी ने समस्त सीमित पदाधिकारियों के साथ गोला विधायक अमन अरविंद गिरी से उनके तीर्थ आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पुरोहितों ने अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। पुरोहितों का आरोप है कि श्रावण मास में उच्च अधिकारियों की बैठक की सूचना सीमित को नहीं दी गई, जिससे वे अपनी समस्याएं अधिकारियों को नहीं बता पाए। तीर्थ परिसर के घाटों के सामने कुछ अराजक तत्वों ने दुकानें लगा दीं, जिस पर पुरोहितों के विरोध करने पर झगड़े की नौबत आ गई। प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा, पुलिस प्रशासन ने पुरोहितों को अपने दैनिक कार्यों में परेशानी दी और तीर्थ परिसर को चारों तरफ से बंद कर दिया, जिससे तीर्थ यात्रियों को मार्जन और पूजन करने में परेशानी हुई।

## हर घर तिरंगा अभियान 2025 के तहत तिरंगा प्रेरित कला कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कैम्पस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में 'हर घर तिरंगा अभियान 2025' के तहत तिरंगा प्रेरित कला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था। कृषि महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को दो टीमों में विभाजित किया गया। दोनों टीमों ने तिरंगा प्रेरित कला कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के शिक्षण कक्षाओं के बोर्डों और शिक्षण भवन की दीवारों को तिरंगा से प्रेरित कला आकृतियों से सजाया। इस उत्कृष्ट कला प्रदर्शन को संकाय की टीचिंग फैकल्टी, कर्मचारियों और अन्य छात्रों द्वारा अवलोकन किया गया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया।

# राजनेताओं की अनदेखी के चलते विकास के नाम पर आंसू बहाता कस्बा अलीगंज



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। विधानसभा गोला क्षेत्र का प्रमुख कस्बा व राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाने वाला अलीगंज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है। लोकल व क्षेत्रीय राजनेताओ की उपेक्षा का शिकार कस्बे में सरकारी इंटर कालेज, खेल मैदान,अस्पताल तो दूर की बात बारिश के मौसम में हिन्दुओ के दाह संस्कार हेतु आरक्षित भूमि पर अत्येष्टि स्थल तक नही है न ही बाउंड्रीवाल है घास फूस से घिर चुका मैदान बहुत बुरी दशा में है। सपा सरकार में अल्पसंख्यको की कब्रिस्तान निर्माण योजना में उनके कब्रिस्तान का तो निर्माण कराया गया था पर हिन्दू अंत्येष्टि स्थल आज भी दुर्दशा ग्रस्त व वीरान है व उस तरफ जाने वाला क्षेत्र का प्रमुख हनुमान मंदिर मार्ग भी सालो से बहुत जर्जर स्थित में है। इसके बारे में ग्रामीणों ने बताया कि अलीगंज के विकास पर कोई भी सरकार रही हो कोई भी जनप्रतिनिधि रहा हो कभी किसी ने ध्यान नही दिया ये हम लोगो की बदकिस्मती है की वर्षो पूर्व अलीगंज में बनने वाला ब्लाक यहां से बांकेगंज शिफ्ट हो गया। तबसे विकास के नाम पर यहां कुछ नही मिला।

इस बारे में बात करने पर बीजेपी के मंडल मंत्री अमित मिश्रा ने बताया उनकी सरकार व क्षेत्रीय जनप्रतिनधि विधायक अमन गिरि क्षेत्र की जनता के भले व क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयास रत है। चौराहे पर उनके व विधायक के प्रयास से दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के तहत सोलर लाइट लगवाई है। प्रमुख जगहों पर हनुमान मंदिर पर हाई मास्ट लाइट लगी है गोला लखीमपुर अलीगंज बिजुआ मार्ग उच्चीकरण व चौड़ीकरण हुआ है जल्द ही उनके संज्ञान में ग्रामवासियो की अन्य समस्याओं को लाकर उनका निराकरण कराया जाएगा व अलीगंज को भी विकास की मुख्य धारा में शामिल होगा।

# कन्जा बाबा देवस्थान के एक माह के भंडारे का समापन

- समाजसेवी और हिन्दू युवा वाहिनी प्रभारी हुए सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर के निकट वर्ती ग्राम कन्जा बाबा देवस्थान पर श्रावण मास के दौरान एक महीने तक आयोजित भंडारे का समापन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। श्रावण मास के दौरान कन्जा बाबा के सेवादारों ने श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कीं। मंदिर कमेटी ने भोजन और ठहरने की व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया था। इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर कौशल वर्मा को माल्यार्पण कर भगवा वस्त्र डालकर फूल वर्षा कर सम्मानित किया गया। साथ ही हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी विपिन मिश्रा को राधाकृष्ण का चित्र देकर सम्मानित किया गया। भंडारा कार्यक्रम के समापन पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डॉक्टर कौशल वर्मा, विपिन मिश्रा, अवधेश जायसवाल, राजेश गुप्ता 'गुड्डन भैया', राजेश कुमार अवस्थी, अरविंद पांडेय, सुनील शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, शरद गुप्ता, राजीव गुप्ता, पंकज गुप्ता, अनुज सिंह, गोपाल गुप्ता, सुमित पांडे, उत्कर्ष बाजपेई, वेद प्रकाश बाजपेई, संत प्रवीण दास, पूजा गुप्ता शामिल थे।एक महीने तक अनवरत चलने वाले इस भंडारे के समापन पर भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ : प्रभारी मंत्री

- बोले - सीएम योगी के नेतृत्व में राहत कार्यों की हो रही लगातार समीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जल प्लावन से जूझ रहे ग्रामीणों के चेहरों पर राहत की रेखाएं उस वक्त खिंच गईं, जब प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल खुद राहत सामग्री लेकर उनके बीच पहुंचे। स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालिका इंटर कॉलेज, जगसड़ में आयोजित कार्यक्रम में जब 700 परिवारों को राशन किट सौंपी गईं, तो मानो बाढ़ की पीड़ा पर मरहम लग गया। मंत्री ने न केवल राहत पहुंचाई, बल्कि भरोसा भी दिया कि इस आपदा में सरकार हर जरूरतमंद के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने मौजूद ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के लिए अनेकों विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर किसी भी दैवीय आपदा के समय पीड़ित का दुख दर्द बांटने में भी पीछे नहीं है। कहा कि पीड़ित परिवारों का कुशल क्षेम जानने तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आया हूँ। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा के समय पीड़ितों की हरसंभव मदद करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि 700 परिवारों को राहत किट वितरित की गई है और ज़रूरत के अनुसार वितरण जारी रहेगा। बाढ़ से प्रभावित फसलों और मकानों का मुआवज़ा दिया जाएगा। विस्थापित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को पीएचसी-सीएचसी पर दवाएं और एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित गांवों में दवा वितरण व छिड़काव भी कराया जा रहा है।

### प्रभावितों की हर संभव मदद को प्रतिबद्ध सरकार : योगेश वर्मा

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बाढ़ राहत और बचाव कार्यों को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। जिले में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से प्रभावितों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है। गत वर्ष डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवारों को त्वरित मुआवजा उपलब्ध कराया गया था। इस वर्ष भी राहत कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ित मदद से वंचित न रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन की पूरी टीम राहत और बचाव कार्यों में दिन-रात लगी है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी प्रभावित परिवार बिना मदद के न रहे। हम ज़रूरत के अनुसार राशन, चिकित्सा, और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था लगातार कर रहे हैं।

### प्रभारी मंत्री ने बांटी 700 राहत किट व लंच पैकेट

बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता के साथ राहत किट और लंच पैकेट वितरित किए। उन्होंने ग्राम रेहरिया खुर्द, रेहरिया कला के प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनका हाल जाना और भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है।

हर संभव मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। कार्यक्रम में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता सहित एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह मौजूद रहे। राहत किट में लाई (2.5 किलो), चना (भुना व कच्चाऽ 2-2 किलो), चीनी (1 किलो), बिस्कुट (10 पैकेट), माचिस व मोमबत्ती (प्रत्येक 1 पैकेट), नहाने का साबुन (2 अदद), 18 लीटर की ब्रांडेड बाल्टी (ढक्कनदार), त्रिपाल (12ब10 फीट, न्यूनतम मोटाई 110 [illegible]), आटा-चावल (प्रत्येक 10 किलो), अरहर दाल (2 किलो), आलू (10 किलो), हल्दी (200 ग्राम), मिर्च पिसी (100 ग्राम), सब्जी मसाला (200 ग्राम), तेल (1 लीटर), नमक (1 किलो), सैनिटरी पैड (20 अदद), कपड़े धोने का साबुन (2 अदद), तौलिया (1), सूती कपड़ा (1 मीटर), डिस्पोजेबल बैग (20 अदद), मग (1 अदद), डेटाल/सेवलॉन (100 मि.ली.) जैसी जरूरी वस्तुएं होंगी।

# झोलाछाप डॉक्टर चला रहा अवैध क्लिनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। ब्लाक कुंभी गोला क्षेत्र के कस्बा अज़ान में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई है। ये चिकित्सालय बिना चिकित्सकीय योग्यता के खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अवैध चिकित्सालय पर न स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की जाती है और न ही प्रशासन की सख्ती के अभाव में लोगों की जान से खिलवाड़ करना इन फर्जी डॉक्टरों के लिए आम बात हो गई है। अजान कस्बे में संचालित इन झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से आए दिन मासूम बच्चों और महिलाओं की जान इन फर्जी डॉक्टरों की लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। कस्बे में भगत बाबा रोड अजान में राजकीय विद्यालय के पास 'राममूर्ति क्लीनिक' नाम से फर्जी क्लीनिक मेडिकल सेंटर चालू है। यहाँ न डॉक्टर की डिग्री है, न क्लीनिक का पंजीकरण। एक टेबल-कुर्सी और कुछ दवाओं के साथ इलाज करता दिखाई देता है। मजेदार बात यह है कि डॉक्टर राम मूर्ति अपने को पत्रकार बता कर अपना अवैध क्लिनिक मेडिकल स्टोर चला रहा है। स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को पत्रकार बता कर अपने रौब झाड़कर क्लिनिक चला रहा है। गंभीर बात यह है कि झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों को सड़क किनारे लिटाकर ड्रिप तक चढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी या मिलीभगत से हो रहा है। विभाग कभी छापा नहीं मारता है, और अगर कोई शिकायत होती भी है तो डॉक्टरों को पहले ही खबर मिल जाती है। सस्ते इलाज के झांसे में आकर गरीब और अनपढ़ लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इलाज के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है, जबकि इलाज की गुणवत्ता जानलेवा है। अवैध मेडिकल स्टोर भी इन क्लीनिकों के साथ चल रहे हैं, जहाँ से रोज़ हज़ारों की दवाइयाँ बेची जा रही हैं। प्रश्न यह है – क्या स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों को पनाह दे रहा है? यदि नहीं, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? ग्रामीणों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त अवैध अस्पतालों पर तुरंत छापेमारी करते हुए बिना डिग्री व पंजीकरण वाले क्लीनिकों को तत्काल सील किया जाए एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच हो और कस्बे में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मौतों का सिलसिला और भी विकराल रूप ले सकता है।

# गिल ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है। 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा, चार शतक, 75.40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए।



हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवींद्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा, झ्जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पहले टेस्ट मैच में भारत को दो बार बल्लेबाजी क्रम के पतन का सामना करना पड़ा था। ऐसे समय में छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजों का योगदान महत्वपूर्ण हो जाता है - और रवींद्र जडेजा का नाम स्वाभाविक रूप से आता है, क्योंकि वह उस स्थान पर हैं। उसके बाद, बाकी श्रृंखला में एक भी बल्लेबाजी क्रम का पतन नहीं हुआ।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम चार मैचों की महत्वपूर्ण श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई। टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज खेलेगी। यह दौरा इस महीने के अंत में राजगीर, बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप 2025 की तैयारियों का अहम हिस्सा होगा।

ऑस्ट्रेलिया जैसी विश्व की शीर्ष टीम के खिलाफ खेलना भारतीय खिलाड़ियों को बहुमूल्य अनुभव देगा, जिससे कोचिंग स्टाफ को संयोजन परखने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर मिलेगा। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रवाना होने से पहले कहा,''ऑस्ट्रेलिया की घरेलू परिस्थितियों में खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है और यही हमें इस समय चाहिए। यह सीरीज हमारे एशिया कप की तैयारी का अहम चरण है।

# मैकग्रा की भविष्यवाणीः एशेज में 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

लंदन। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था। मैकग्रा ने 'बीबीसी रेडियो' पर कहा, ''मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा। उन्होंने



कहा, ''मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफ़ी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है। इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है। इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला को छोड़कर बाकी सभी श्रृंखलाओं में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था। इंग्लैंड ने तब श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की थी।

# कनाडियन ओपन में 18 वर्षीय विक्टोरिया म्बोको ने ओसाका को हराकर जीता खिताब

एजेंसी

मैक्सिको सिटी। कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया। 18 वर्षीय म्बोको ने शुरुआती सेट हारने के बाद शानदार वापसी की। पहले सेट में जापान की पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 ओसाका ने 3-0 की बढ़त बना ली थी, जबकि म्बोको सर्विस एरर से जूझ रही थीं। दूसरे सेट में म्बोको ने लय हासिल की और ब्रेक लेकर 5-2 की बढ़त बनाई। ओसाका वापसी नहीं कर सकीं और खराब रिटर्न के कारण म्बोको ने मैच को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में चौथे गेम में चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर म्बोको ने 3-1 की बढ़त बनाई और फिर 2 घंटे 4 मिनट में मैच व खिताब अपने नाम कर लिया। खिताब जीतने के बाद म्बोको ने कहा, मैं नाओमी का इस शानदार मैच के लिए धन्यवाद करती हूं। बचपन से ही मैं उन्हें अपना आदर्श मानती रही हूं। ऐसे शानदार खिलाड़ी के साथ खेलना हमेशा खास होता है। उन्होंने आगे कहा, ल्लमैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। विश्व रैंकिंग में 85वें पायदान पर काबिज म्बोको ओपन एरा में पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने एक ही WTA टूर्नामेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियंस सोफिया केनिन, कोको गॉफ और एलेना राइबाकिना को हराया। मातृत्व अवकाश के बाद ओसाका अपने करियर को पटरी पर लाने की कोशिश कर रही हैं। इस हार के साथ वह खिताबी सूखे को खत्म करने में नाकाम रहीं। उनका आखिरी खिताब 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन में आया था।

# इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स 'भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर' : मार्टिन ओवेन्स

एजेंसी

भुवनेश्वर। भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा। ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के 12 एथलीट स्प्रिंट, जंप, थ्रो और मध्यम व लंबी दूरी की स्पर्धाओं में कॉन्टिनेंटल टूर में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। भुवनेश्वर मीट से पहले, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर के मुख्य कोच, मार्टिन ओवेन्स ने कहा, ''भारत एथलेटिक्स में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाने लगा है और हमें देश में इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की और जरूरत है। यह मीट एक शानदार अवसर है क्योंकि कई एथलीट जो अब तक केवल अन्य भारतीय एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते रहे हैं, उन्हें अब पूरे एशिया के एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। कलिंगा स्टेडियम में काफी उत्साह है और मुझे यकीन है कि यह महाद्वीपीय दौरे की सर्वश्रेष्ठ कांस्य मीट स्पर्धाओं में से एक होगी।'' स्प्रिंट टीम का नेतृत्व अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (100 मीटर और 200 मीटर) करेंगे। अनिमेष ने हाल ही में ग्रीस के वारी में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट और रिले मीट में 10.18 सेकंड का समय लेकर 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अमलान से अपनी विस्फोटक गति से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की उम्मीद है। स्प्रिंट स्पर्धाओं में उनके साथ ओडिशा के स्टार लालू भोई (100 और 200 मीटर) भी शामिल होंगे, जो 2024 की राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर में अपने प्रभावशाली व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.34 सेकंड के रिकॉर्ड के बाद सुर्खियों में आए थे, जहां उन्होंने फाइनल में 10.46 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। लालू पिछले महीने जर्मनी में हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय रिले टीम का भी हिस्सा थे। दिसंबर 2024 में भुवनेश्वर में जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 'सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट' का पुरस्कार जीतने वाली एक अन्य युवा खिलाड़ी साक्षी चव्हाण (100 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रज्ञान साहू भी महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में भाग लेंगी। इस साल की शुरुआत में कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में, उन्होंने 13.40 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। धीरज वर्ग में, मोहम्मद अफसल (800 मीटर), सावन बरवाल और किरण मात्रे (5000 मीटर) बहुमुखी प्रतिभा और लचीलापन लेकर आए हैं, जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अफसल ने पिछले महीने की शुरुआत में चेस्लाव साइबुल्स्की मेमोरियल में 1.45 मिनट का समय पार करने वाले पहले भारतीय बनकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# सर्राफा बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 200 रुपये से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये से लेकर 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,010 रुपये से लेकर 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के



स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

# आयात शुल्क के झटके से 0.3 प्रतिशत गिर सकती है भारत की विकास दरः मूडीज

एजेंसी

चेन्नई। अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने के कारण जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने के बाद मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि इससे देश की विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। भारत को मुद्रास्फीति और निर्यात में संभावित गिरावट के बीच संतुलन बनाकर चलने की सलाह देते हुये रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क की दोहरी मार से एशिया- प्रशांत के दूसरे देशों की तुलना में भारतीय सामानों पर वहाँ शुल्क 15 से 20 प्रतिशत अधिक हो जायेगा। चीन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधा के बाद एशिया-प्रशांत के देश उस खायी को भरने के लिए होड़ लगा रहे हैं। उसने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क के जवाब में भारत किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है उससे यह तय होगा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर कितनी रहेगी और मुद्रास्फीति तथा निर्यात किस प्रकार का रहता है। भारत ने साल 2022 से रूस से तेल आयात में भारी वृद्धि की है। इस दौरान यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर उसके कच्चे तेल की माँग कम होने से उसने वैश्विक बाजार की तुलना में सस्ते दाम पर भारत को तेल की आपूर्ति की। साल 2021 में रूस के भारत ने 2.8 अरब डॉलर का तेल खरीदा था। साल 2024 में यह आँकड़ा बढ़कर 56.8 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस कारण देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम नियंत्रण में रहे जिससे मुद्रास्फीति की सीमित रखने में मदद मिली। मूडीज रेटिंग्स का कहना है कि यदि भारत ने अमेरीका के 50 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क के बावजूद रूस से तेल आयात जारी रखा तो जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 0.30 प्रतिशत घट सकती है।

## पाँच साल में शत-प्रतिशत हरित ऊर्ज़ा का इस्तेमाल करेगी जियो

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि उसकी दूरसंचार सेवा इकाई रिलायंस जियो वर्ष 2030 तक पूरी तरह से हरित ऊर्ज़ा का इस्तेमाल शुरू कर देगी। हाल में जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने साल 2035 तक नेट कार्बन जीरो का लक्ष्य रखा है, और इसके लिए वह कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। रिलायंस जियो वर्ष 2030 तक 100 फीसदी ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करने लगेगी। अपने लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी ने 23,699 स्थानों पर सौर ऊर्ज़ा पैनल स्थापित किए हैं जिनसे 212 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त, जियो ने कर्नाटक के बीदर में 35 मेगावाट क्षमता वाला एक केंद्रीकृत सौर संयंत्र भी स्थापित किया है।

# व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकतीः जयंत चौधरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है और व्यापार कूटनीति, नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती है। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने यहां फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 16वें वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय उद्योग द्वारा दिए गए मजबूत समर्थन और एकजुटता के प्रति संवेदनशील है। जयंत चौधरी ने कहा, ''वर्तमान



में वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर प्रतीत होती है। निश्चित रूप से हमें उद्योग जगत से पूर्ण समर्थन की आवश्यकता है। उन्?होंने कहा कि यह एक प्रकार की बातचीत है, आप इसे एक प्रकार की लड़ाई कह सकते हैं, जिसमें भारत सरकार वर्तमान में लगी हुई है, लेकिन हमने निर्णय लिया है कि व्यापार कूटनीति नीतिगत संप्रभुता की कीमत पर नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ़्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ़ लगाने का ऐलान किया था, जो 7 अगस्त से प्रभावी हो गया। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद पर भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया, जिससे कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया। भारत पर लगाया गया ये टैरिफ़ दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा टैरिफ़ में से एक है। ये अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## प्री-सीजन फ्रेंडलीः बायर्न म्यूनिख ने टॉटनहैम हॉटस्पर को 4-0 से हराया

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने गुरुवार को खेले गए प्री-सीजन फ्रेंडली मैच में टॉटनहैम हॉटस्पर को 4-0 से मात दी। इंग्लैंड के कप्तान और टॉटनहैम के ऑल-टाइम टॉप स्कोरर हैरी केन ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ पहला गोल किया। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के अंदर से शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। दो मिनट बाद बायर्न को बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला, जब जोआओ पल्हिन्हा ने पेनल्टी दी। हालांकि, केन का शॉट बार के ऊपर चला गया। यह 2022 फीफा विश्व कप क्वार्टरफाइनल (फ्रांस के खिलाफ) के बाद पहली बार था जब केन पेनल्टी पर चूके। दूसरे हाफ के 61वें मिनट में किंग्सले कोमन ने बॉक्स के किनारे से शानदार कर्लिंग शॉट मारकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के अंतिम पलों में बायर्न के युवा खिलाड़ियों लेनार्ट कार्ल और जोना कुसी-असारे ने एक-एक गोल दागा और जीत 4-0 से पक्की कर दी। केन 2023 की गर्मियों में 100 मिलियन यूरो (च्व87 मिलियन) के ट्रांसफर पर टॉटनहैम छोड़कर बायर्न से जुड़े थे। यह मुकाबला बायर्न के लिए अगले बुधवार को यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन के खिलाफ यूईएफए सुपर कप से पहले का अंतिम तैयारी मैच था। दूसरी ओर, नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में टॉटनहैम का प्री-सीजन मिला-जुला रहा। उन्होंने लंदन के प्रतिद्वंद्वी आर्सेनल और रीडिंग को हराया, जबकि न्यूकैसल, लूटन टाउन और वायकोम्ब के खिलाफ ड्रॉ खेला।

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है। बोर्ड ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं। बोर्ड ने कहा, ''एक लाख रुपये की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान प्राप्त होने पर आरएफपी उपलब्ध कराया जाएगा।''

## पनगढ़िया ने भारत के 'मृत अर्थव्यवस्था' होने संबंधी दावे को नकारा, सात प्रतिशत वृद्धि का दिया हवाला

**नयी दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को भारत के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'मृत अर्थव्यवस्था' संबंधी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और डॉलर के लिहाज से यह वृद्धि इससे भी अधिक है। पनगढ़िया ने यहां 'बिजनेस टुडे इंडियाअ100' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर अर्थव्यवस्था मृत होती तो वह सात प्रतिशत से अधिक की दर से नहीं बढ़ती। वास्तव में, डॉलर के लिहाज से हमारी वृद्धि दर सात प्रतिशत से भी अधिक है। मुझे नहीं पता 'मृत अर्थव्यवस्था' की परिभाषा क्या है३। हो सकता है कि मृत शरीर में भी हरकत होती हो।'' भारत के खिलाफ लगातार हमलावर ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताते हुए कहा था, ''मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं।'' इसके बाद ट्रंप ने भारतीय उत्पादों के आयात पर लगे शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पनगढ़िया ने भारत में व्यापार संरक्षणवाद के सवाल पर कहा कि इसके कुछ कदम संरक्षणवादी हो सकते हैं, लेकिन देश 'काफी हद तक खुला' है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह संसद में कहा था कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जो वैश्विक वृद्धि में लगभग 16 प्रतिशत योगदान दे रही है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। गोयल ने कहा था कि एक दशक से थोड़े अधिक समय में ही भारत पांच कमजोर देशों के समूह 'फ्रेजाइल फाइव' से निकलकर शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है जिसका श्रेय सुधारों, किसानों, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्यमियों के प्रयासों को जाता है।

## सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में पांच गुना बढ़कर 34.43 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पांच गुना बढ़कर 34.43 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से मजबूत आवास मांग के बीच उच्च आय के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 6.79 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 865.66 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 400.61 करोड़ रुपये थी। कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 898.35 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 427.98 करोड़ रुपये थी। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप कुमार अग्रवाल ने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 की मजबूत गति को आगे बढ़ाते हुए, हमने वित्त वर्ष 2025- 26 की पहली तिमाही में भी शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें हमारी परिचालन आय सालाना आधार पर दोगनी हो गई।' उन्होंने कहा, ''यह वृद्धि ग्राहकों की संतुष्टि और गुणवत्तापूर्ण घरों की समय पर डिलीवरी पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाता है। हमारी निरंतर वित्तीय और परिचालन प्रगति ने हमसे जुड़े पक्षों के विश्वास को और मजबूत किया है।'' कंपनी गुरुग्राम में अपनी आवासीय परियोजनाओं की मजबूत बिक्री के दम पर चालू वित्त वर्ष के दौरान परिचालन आय में 92 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में देश की आजादी के 78वीं वर्षगांठ पर देश भक्ति के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता '' अभियान का आगाज शुक्रवार से हुआ । 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान की शुरुआत नमामि गंगे के सदस्यों ने श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित भारत माता की आरती उतारकर की।

अभियान में शामिल कार्यकर्ताओं ने '' हर दिल तिरंगा-हर मन तिरंगा-हर मकसद तिरंगा-हर सपना तिरंगा का जयकारा लगाकर राष्ट्रध्वज लेकर स्वच्छता का संकल्प भी लिया । नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगा। यही नहीं भारत सरकार का यह अभियान स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करेगा। इसमें जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में जल संरक्षण, सामुदायिक सफाई, स्वच्छता शपथ और अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण जैसे कार्यक्रम होंगे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन राष्ट्र का गौरव : नीलिमा कटियार




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में स्वतंत्रता संग्राम के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज अमर काकोरी ट्रेन एक्शन' की शताब्दी वर्षगांठ का समापन शुक्रवार को बिठूर स्थित नानाराव पार्क में कार्यक्रम की शुरुआत नानाराव के स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन करते हुई। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर समापन हुआ। यह जानकारी शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह ऐतिहासिक अवसर देशभक्ति की भावना और वीर सपूतों की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। समारोह में विधायक नीलिमा कटियार, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, विधायक सरोज कुरील, डीसीपी दिनेश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन समेत जनपद स्तरीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन राष्ट्र का गौरव है, जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। अमर शहीदों ने सर्वोच्च बलिदान देकर ब्रिटिश हुकूमत को सबक सिखाया। प्रत्येक नागरिक यदि अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो वही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बिठूर विधायक अभिजीत सांगा ने कहा कि यह ऐतिहासिक घटना आज की पीढ़ी को भी देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। विधायक सरोज कुरील ने भी शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन सत्येंद्र गुप्ता व अनिल त्रिपाठी ने भावपूर्ण संबोधन में अपने अनुभव साझा किए और शहीदों के संघर्ष को याद किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आइडीएन चतुर्वेदी ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत अपनी स्वरचित कविता 'जागते रहो मेरे देश के प्रहरी' सुनाकर माहौल को जोश और भावनाओं से भर दिया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं ने विधायक अभिजीत सांगा को राखी बांधकर भाईचारे और स्नेह का संदेश दिया। अतिथियों ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। काकोरी की ऐतिहासिक घटना पर आधारित निबंध, पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया। पीएसी बैंड द्वारा 'ए मेरे वतन के लोगों की धुन बजने पर वातावरण रोमांच और गर्व से गूंज उठा। समापन समारोह के दौरान विधायक अभिजीत सांगा, विधायक नीलिमा कटियार और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण किया। सुलेख, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अलशिका यासीन को 10 हजार रुपये का प्रथम, शाजिया खातून को 7,500 रुपये का द्वितीय, प्रखर त्रिपाठी को 5,000 रुपये का तृतीय और आसरा जावेद को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। परिषदीय विद्यालय वर्ग में तूलिका यादव को 10,000 रुपये, शिखा को 7,500 रुपये, यति को 5,000 रुपये और महक को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार मिला। इससे पूर्व विधायक नीलिमा कटियार, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा साइकिल रैली को रवाना किया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की स्मृतियों से ओत-प्रोत यह आयोजन नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का जीवंत प्रयास बन गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन राजेश यादव ने किया। इस मौके पर एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति आशुतोष दुबे, जिला विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह, डीआईओएस संतोष राय, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार, पर्यटन अधिकारी अर्चिता ओझा समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम का साहसिक अध्याय है काकोरी ट्रेन एक्शन

बलिया। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह कार्यक्रम शहीद पार्क चौक में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक साहसिक अध्याय है। इसने अंग्रेजी शासन की नींव को हिला दिया था। सभी ने मिलकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि युवाओं को आज़ादी के इन वीरों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने समस्त सेनानियों के परिवारों को साल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और वृक्षारोपण भी किया।

# वाराणसी जिले में गंगा नदी आज भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में बह रही है: एनडीएमएईडब्ल्यू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमएईडब्ल्यू) की ओर से शुक्रवार को वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर को लेकर चेतावनी जारी की गई है। प्राधिकरण की ओर वाराणसी जनपद के लोगों और जिला प्रशासन को एक संदेश भेजकर बताया गया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गंगा नदी आज सुबह आठ बजे भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में बह रही है। एनडीएमएईडब्ल्यू के संदेश को गंभीरता से लेते हुए वाराणसी जिला प्रशासन ने सुबह से ही बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में गस्त बढ़ा दिया है। वही, लखनऊ के तेलीबाग स्थित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण टीम से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान के .300 मीटर ऊपर बह रहा है। नदी का पानी घट रहा है लेकिन बारिश के कारण गंगा रौद्र रूप धारण की हुई है। वाराणसी से सटे जिले गाजीपुर में भी गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर रखा है। यहां गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 1.4 मीटर की ऊंचाई पर है। गंगा को देखते हुए बलिया में हाई अलर्ट किया गया है। बलिया में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 2.225 मीटर ऊपर है। जिससे सैकड़ों गांव में बाढ़ जैसी स्थिति है और बड़ी मात्रा में किसानों की फसल बर्बाद हुई है। गंगा की स्थिति को प्रयागराज और मिर्ज़ापुर में देखा जाए तो दोनों ही जिलों में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ चुका है। प्रयागराज में गंगा नदी खतरे के निशान से 1.3 मीटर नीचे तो मिर्ज़ापुर में 0.4 मीटर नीचे बह रही है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# वाराणसी में 18 लाख 60 हजार बच्चों को खिलायी जायेगी एल्बेंडाजोल की दवा

## 11 अगस्त को महाअभियान, 14 अगस्त को मॉप अप राउंड

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में आगामी 11 अगस्त को एक से 19 वर्ष के 18 लाख से अधिक बालक-बालिकाओं को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में सभी सरकारी, मान्यता प्राप्त स्कूलों, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों के शिक्षकों से सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान उन बच्चों को भी दवा खिलायी जायेगी जो स्कूल नहीं जाते हैं। 18 लाख 60 हजार बच्चों को यह दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 1 से 5 साल तक के सभी आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चों के साथ ही 6 से 19 साल तक के स्कूल जाने वाले सभी बालक- बालिकाओं को उनके विद्यालय में दवा खिलायी जाएगी। शुक्रवार को यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। उनमें खून की कमी हो जाती है, जिसके कारण बच्चे कमजोर होने लगते हैं। दवा खिलाने से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। कृमि मुक्ति से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। बच्चों में एनीमिया पर नियंत्रण रहता है। कृमि मुक्ति से बच्चों के सीखने की क्षमता में सुधार होता है। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को इस परेशानी से बचाने के लिए कीड़े निकालने की दवा उन्हें जरूर खिलाएं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संजय राय ने बताया कि 11 अगस्त को लगभग 7 लाख 50 हजार बच्चे शहरी क्षेत्र के तथा लगभग 11 लाख 10 हजार बच्चे ग्रामीण क्षेत्र में हैं, जिन्हें एल्बेन्डाजोल की दवा खिलायी जायेगी। इस कार्य में कुल 3914 आंगनबाड़ी केंद्र तथा 2853 सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों से दवा खिलाने में सहयोग लिया जायेगा।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन का वाराणसी में लाइव प्रसारण, बच्चों से संवाद

## एमएलसी ने बच्चों से संवाद कर काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारियों के बारे में दी जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। संस्कृति विभाग,उत्तर प्रदेश और जिला प्रशासन,वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का समापन एवं वीरों को नमन कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस सभागार में किया गया। कार्यक्रम में काकोरी शहीद स्मारक,लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया । उपस्थित लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य मंत्रियों के संबोधन को सुना। इसके बाद यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को काकोरी स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी धर्मेंद्र राय ने उपस्थित बच्चों से संवाद कर काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारियों के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के विजन पर प्रकाश डाला। इसके बाद 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' कविता पढ़कर सुनाया। भाजपा के वाराणसी जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने भारत की आजादी की लड़ाई में शहीद हुए क्रांतिकारियों को याद कर सभी को नमन किया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता दोहराई। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने क्रांतिकारियों के साहस और बलिदान को नमन किया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा,एमएलसी धर्मेंद्र राय और सीडीओ हिमांशु नागपाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इसके बाद अतिथियों ने राजकीय अभिलेखागार लखनऊ द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित लगाये गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह में भव्य तिरंगा यात्रा ने भरा देशभक्ति का जोश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन जिला मुख्यालय उरई में काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी समापन समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया। यह ऐतिहासिक रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर जिला परिषद, अम्बेडकर चौराहा और मच्छर चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक पहुँची, जहाँ इसका समापन समारोहपूर्वक किया गया। इस यात्रा में जिलाधिकारी राजेश पांडे, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिकों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने तिरंगे को हाथों में थामकर और ''भारत माता की जय'', ''वंदे मातरम'' जैसे नारे लगाकर देशप्रेम का जज्बा दिखाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने कहा कि आज का दिन काकोरी ट्रेन एक्शन (1925) में शहीद हुए क्रांतिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी के बलिदान को याद करने का है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल उन वीरों को श्रद्धांजलि है, बल्कि युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देने का भी एक माध्यम है। उरई नगर के टाउन हॉल पहुँचने पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत और नाटक प्रस्तुत किए। इसके अलावा, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें काकोरी कांड से संबंधित दुर्लभ तस्वीरें और दस्तावेज़ प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों, विशेषकर युवाओं ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करने की शपथ ली। पुलिस अधीक्षक ने इस तरह के आयोजनों को समाज में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए अहम बताया।

# साइबर चोरी और धोखाधड़ी खुद को सुरक्षित बनाना अनिवार्य हो गया है : प्रो मणींद्र अग्रवाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आज के तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में एआई के अनुप्रयोग हमारे जीवन को बदल रहे हैं। साथ ही साइबर चोरी और साइबर धोखाधड़ी भी आम हो गई हैं। इसलिए हमारा भविष्य सुरक्षित बनाना अनिवार्य है। एफएसएआई पहल का उद्देश्य भी यही है कि हमारे यंग माइंड्स को सही उपकरण और मंच प्रदान किए जाएं ताकि वे एआई और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सार्थक योगदान दे सकें। यह बातें शुक्रवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने कही।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) ने शिबोधि फाउंडेशन के सहयोग से डॉ. बीवीआर मोहन रेड्डी, फाउंडर चेयरमैन और बोर्ड सदस्य, साइंट के पारिवारिक फाउंडेशन फ्यूचर सिक्योर एआई इनोवेशन प्रोग्राम आधिकारिक रूप से लॉन्च किया है। यह एक अहम पहल है जिसका उद्देश्य अंडरग्रेजुएट छात्रों में डीप-टेक उद्यमिता को बढ़ावा देना है। एफएसएआई प्रोग्राम छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर सुरक्षा में नवाचारपूर्ण समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बनाता है, जो तकनीक और राष्ट्रीय सुरक्षा के भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। यह आईआईटी कानपुर के अंडरग्रेजुएट छात्रों को उनके विचारों को प्रभावशाली उद्यमों में बदलने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें वित्तीय सहायता, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और संस्थागत समर्थन शामिल है, जो स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर आईआईटी कानपुर के माध्यम से दिया जाएगा। इस प्रोग्राम के तहत चयनित छात्र टीमों को प्रोटोटाइप विकास के लिए छह लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। उन्हें आईआईटी कानपुर के फैकल्टी सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप, इंफ्रास्ट्रक्चर और इनक्यूबेशन सहायता, मास्टरक्लास, निवेशकों के नेटवर्क तक पहुंच, और सफल इनक्यूबेशन के बाद संभावित सीड फंडिंग के अवसर भी प्राप्त होंगे। आईआईटी कानपुर के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र डॉ. बीवीआर मोहन रेड्डी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है। प्रोग्राम छात्रों को आत्मनिर्भर भारत के विजन में सक्रिय योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। एआई और साइबर सुरक्षा अप्रत्याशित बदलाव ला रहे हैं, इसलिए यह पहल सही संसाधन सही मेंटरशिप और जिम्मेदारी से नवाचार करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। जिससे तकनीक वास्तव में समाज के सर्वोत्तम हित में सेवा करे।